ARCHIVE

विषय सूची
CONTENTS

1. एक अवलोकन 1
   Overview
2. नीति और आयोजना 4
   Policy Strategies and Planning
3. मानक निर्धारण 8
   Standards Formulation
4. उत्पाद प्रमाणन 14
   Product Certification
5. गुणता पद्धति प्रमाणन 19
   Quality Systems Certification
6. प्रयोगशाला सेवाएँ 21
   Laboratory Services
7. मानक संवर्धन 25
   Standards Promotion
8. मानकों तथा अन्य प्रकाशनों की बिक्री 29
   Sale of Standards and other Publications
9. सूचना सेवाएँ 30
   Information Services
10. प्रशिक्षण सेवाएँ 33
    Training Services
11. कम्प्यूटीकरण तथा कार्यालय स्वचलन 34
    Computerization and Office Automation
12. पर्यावरण संरक्षण 37
    Enviornment Protection
13. ऊर्जा संरक्षण 38
    Energy Conservation
14. क्षेत्रीय, शाखा और निरीक्षण कार्यालय 40
    Regional, Branch and Inspection Offices
15. उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ 41
    Consumer Related Activities
16. अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ 45
    International Activities
17. मानव संसाधन विकास 50
    Human Resource Development
18. वित्त, ऑडिट और लेखा 52
    Finance, Audit and Accounts

उपभोक्ता दिवस समारोह के दौरान "बिजली की इस्तरी" पर विवरणिका जारी करते हुए केन्द्रीय नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री बूटा सिंह

Sh. Buta Singh, Union Minister for Civil Supplies, Consumer Affairs and Public Distribution, releasing a brouchure 'Electric Iron' during the Consumer Day celebrations

ब्यूरो में अपने आगमन के दौरान, संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति के सदस्य

Members of the Second Sub-Committee on official languages during their visit to the Bureau

एक अवलोकन

1

OVERVIEW

वर्ष 1994-95 भारतीय मानक ब्यूरो के लिए परिवर्तित नीतियों के संदर्भ में सतत आत्म निरीक्षण का एक और वर्ष रहा। बाजार द्वारा संचालित अर्थव्यवस्था से उद्भूत मांगों को पूरा करने के लिए भामाब्यूरो, ने स्वयं को तैयार करने के लिए पिछले वर्ष इसे आरंभ किया था। निःसंदेह, ब्यूरो के लिए चहुमुखी प्रगति का यह एक और वर्ष रहा। इस प्रगति का निदर्शन तुलन पत्र में भी हुआ है जिसके अनुसार इस वर्ष 3 819 लाख रू० के राजस्व की प्राप्ति हुई है जबकि वर्ष 1993-94 में 3 334 लाख रू० के राजस्व की प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष राजस्व में 15% प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तथापि, इस वर्ष किए गए मुख्य प्रयासों की दिशा वर्ष 1993-94 में निर्धारित व लागू नीतियों के परिणाम स्वरूप परिवर्तित स्थिति में प्राप्त लाभों को समेकित करना थी।

The year 1994-95 was a year of continuing introspection for the Bureau of Indian Standards (BIS) which was initiated the previous year to gear BIS up to meet the demands of the emerging market-driven economy. It was, no doubt, another year of all round progress reflected in the balance sheet as well which showed a revenue of Rs 381.9 million, a 15% increase over Rs 334.4 million earned in 1993-94. However, the major effort during the year was directed towards consolidating the gains accruing from the changes in policies and strategies set in motion in 1993-94.

वर्ष 1994-95 के दौरान भामाब्यूरो की मुख्य गतिविधियाँ इस प्रकार रहीं:

- आवश्यक सहायक प्रलेखों को तैयार करने सहित मानक विकास गतिविधि को पूरी तरह से मांग के आधार पर बनाने की प्रक्रिया पूरी की गयी।
- उत्पाद प्रमाणन योजना में समय संबंधी कड़े मापदण्ड लागू करने के साथ इस योजना की प्रभावशीलता में अत्यधिक वृद्धि हुई, जिसके कारण 31 मार्च 1994 को लंबित आवेदनों की संख्या 2995 से घटकर 31 मार्च 1995 को 1 450 ही रह गयी और साथ ही 31 मार्च 1994 को 300 शिकायतें लंबित थी जबकि 31 मार्च 1995 को लंबित शिकायतों की संख्या केवल 59 थी।
- नीदरलैंड के अन्तर्राष्ट्रीय रूप से विख्यात रीड वूर डि सर्टिफिकेटी से हमारी गुणता पद्धति प्रमाणन योजना को प्रत्यायन मिलने के बाद लाइसेंसों की संख्या पिछले वर्ष के 42 से दुगने से भी अधिक होकर इस वर्ष 88 हो गयी है।
- प्रयोगशाला आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 1993-94 में खर्च किए 65 लाख रू० के स्थान पर इस वर्ष व्यापक निवेश किया गया, और लगभग 144.2 लाख रू० इस कार्यक्रम पर खर्च किए गए।
- विश्व बैंक और योजनागत परियोजनाओं के निष्पादन में उल्लेखनीय तेजी आई। वर्ष 1993-94 के लिए डब्ल्यूबी परियोजना पर 27 लाख रू० और योजनागत परियोजना पर 269 लाख रू० के खर्च के प्रति इस वर्ष क्रमशः 168 लाख रू० और 273 लाख रू० उपर्युक्त परियोजनाओं पर खर्च किये गये।
- प्रवर्तन गतिविधि पर निर्णायक रूप से काफी बल दिया गया और इस गतिविधि पर मार्गदर्शन देने के लिए प्रवर्तन संबंधी स्थायी समिति गठित की गई और मानक मुहर के संदिग्ध दुरूपयोग तथा/अथवा गुणता नियंत्रण आदेश के उल्लंघन के बारे में देश भर में कई छापे डाले गये। पिछले वर्ष 4 मामले दायर किये गये, जबकि इस वर्ष 9 मामले दायर किये गये हैं।

The highlights of the BIS activities in the year 1994-95 were:

- completion of process of making standards development an entirely demand-driven activity with the creation of necessary supporting documentation.
- upswing in efficiency of product certification scheme with introduction of strict time norms which led to dramatic reduction in number of pending applications from 2995 as on 31 March 1994 to 1450 as on 31 March 1995 and complaints from 300 as on 31 March 1994 to 59 as on 31 March 1995.
- award of accreditation from Raad Voor de Certificatie, an internationally respected body based in Netherlands, to our Quality systems Certification Scheme even as the number of licences more than doubled from 42 to 88 during the year.
- massive investment in Lab modernization programme to the tune of Rs 14.42 million as against Rs 6.5 million spent in 1993-94.
- significant acceleration in execution of World Bank and Plan Projects with expenditure of Rs 16.8 million on WB Projects and Rs 27.3 million on Plan Projects as against Rs 2.7 million and Rs 26.9 million respectively in 1993-94.
- decisive thrust to the Enforcement activity with the Standing Committee on Enforcement providing guidance and several raids being carried out around the country on suspected misuse of Standard Mark and/or violation of Quality Control Orders. 9 cases have been filed during the year as against 4 last year.

- स्कूल और कालिजों को शामिल करते हुए उपभोक्ता शिक्षा कार्यक्रम का विस्तार किया गया और आईएसआई मुहर के दुरूपयोग और गुणता नियंत्रण आदेश के उल्लंघन के बारे में सघन उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाया गया।

- सरकारी काम–काज में हिन्दी का उपयोग और अधिक बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, कंप्यूटरों पर हिन्दी सॉफ्टवेयर लगाये गये, सितम्बर माह में हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें हिन्दी लेखन, भाषण तथा टंकण संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन उल्लेखनीय रहा और इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार भी दिया गया। भामाब्यूरो के विभिन्न शाखा कार्यालयों में हिन्दी में हो रहे कार्य का ऑडिट भी किया गया। इसके अलावा द्विभाषी रूप में 8 भारतीय मानक प्रकाशित किये गये, जिससे हिन्दी/द्विभाषी रूप में प्रकाशित कुल भारतीय मानकों की संख्या 222 हो गयी।

उभरते हुए राष्ट्रीय परिदृश्य की अपेक्षाओं और उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भामा ब्यूरो की गतिविधियों को पुनः संकेन्द्रित करना जारी रखने का अभिप्राय यह होगा कि भविष्य में भामा ब्यूरो की गतिविधियों में और अधिक प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करने के लिए प्रगामी परिवर्तन के दौर से गुजरना पड़ेगा और ग्राहक संतुष्टि पर और बल दिया जायेगा।

सांख्यिकीय लक्ष्यों से मुक्त हो चुकी और पूर्णतः आवश्यकता के अनुरूप संचालित की जा रही मानक विकास गतिविधि के परिणामस्वरूप जनशक्ति संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग किया जा सकेगा और 16 हजार व लागू मानकों के रख–रखाव की ओर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा और समय से उनका पुनरीक्षण करने और प्रमुख प्रकाशन जैसे "राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता", "राष्ट्रीय वैद्युत संहिता" तथा "सादा और पुनः प्रबलित कंकरीट की रीति संहिता (आईएस 456)" का पुनरीक्षण समयबद्ध परियोजना के आधार पर किया जा सकेगा।

आईएसआई मुहर लगे उत्पादों में उपभोक्ताओं का विश्वास और अधिक स्थापित करने के उद्देश्य से उत्पाद प्रमाणन योजना, जो इस समय काफी व्यापक है, में आईएस/आईएसओ 9000 श्रृंखला के मानकों के अनुसार गुणता प्रबंध पद्धति के मुख्य अवयव शामिल करके इस गतिविधि को पुनर्गठित किया जा रहा है, ताकि भविष्य में भामा ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना के लाइसेंसधारियों को इस योजना के अंतर्गत ही संस्थापित उपयुक्त गुणता प्रबन्ध पद्धति उपलब्ध हो।

गुणता पद्धति योजना के लिए वांछित आरवीसी प्रत्यायन प्राप्त करने के बाद भविष्य में हमारा प्रयास सफलता प्राप्ति की दिशा में बढ़ता जायेगा और इसके साथ–साथ सघन विपणन अभियान चलाने के माध्यम से व्यापक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बाजार में हमारी हिस्सेदारी महत्वपूर्ण हो, इसके लिए भी हम प्रयासरत होंगे।

प्रयोगशाला गतिविधियों को आधुनिक बनाने के लिए भविष्य में भी उन्हें पर्याप्त पूँजी देना जारी रखा जायेगा और आने वाले वर्षों में केन्द्रीय प्रयोगशाला के साथ–साथ हम अपनी चारों प्रयोगशालाओं के लिए एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त करने की दिशा में कार्य करेंगे। भामा ब्यूरो को केन्द्रीय प्रयोगशाला की अंशशोधन सेवाओं के लिए एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त करने के साथ–साथ हमारी यह भी योजना है कि हम आने वाले वर्षों में अपनी अंश शोधन सेवाओं को उद्योग के लिए भी खोल दें।

भारत में मानकों और गुणता संस्कृति को बढ़ावा देने की राष्ट्र के प्रति अपनी व्यापक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए हम एक प्रशिक्षण संस्थान बनाने जा रहे हैं, जो 1995-96 के मध्य में कार्य करना आरंभ कर देगा और दिल्ली के

- extension of consumer education programme to cover schools and colleges, and an intensive consumer awareness drive regarding misuse of ISI-mark and violation of Quality Control Orders.

- furtherance of use of Hindi in official work by way of workshops for employees, installation of Hindi Software on computers, observance of Hindi week in the month of September highlighted by competitions in Hindi writing, speaking and typing with prizes for winners and audit of Hindi work in various branches of BIS. Besides another 8 Indian Standards were brought out bilingually bringing the total of standards in Hindi / bilingual to 222.

The continuing refocusing of BIS activities keeping in view the demands of the emerging national scenario and needs of the industry would mean that the thrust of BIS activities in future would progressively undergo a shift towards achieving greater competitiveness as well as customer satisfaction.

The standards development activity, freed of numerical targets and driven entirely by need, would allow optimal utilization of manpower resources in that greater attention would be paid to maintenance of the 16 000 plus standards in force with emphasis on timely review, and revisions of such major publications like National Building Code, National Electrical Code and Code of Practice for Plain and Reinforced Concrete (IS 456) would be pursued on a time-bound project basis.

In order to instill greater customer confidence in ISI-marked products, the Product Certification Scheme, quite elaborate as it is, is being reoriented by integrating key elements of Quality Management Systems as per IS/ISO 9000 series of standards progressively so that in future the holders of BIS licence for Product Certification would have a proper quality management system installed within as well.

The future efforts in our Quality Systems Scheme will be increasingly directed towards building on the success of having obtained the coveted RvC accreditation as well as taking a significant market share in the face of fierce competition, by mounting a concerted marketing drive.

The laboratory activity will continue to be the recipient of substantial investment towards modernization and in the coming year, the Central Laboratory as well as the four regional laboratories would work towards obtaining NABL accreditation. We also plan to open our calibration services to the industry in the coming year as well as seek NABL accreditation for the calibration service of BIS Central Lab.

In keeping with our general commitment to the nation towards promoting standards and quality culture in India, we intend making a training institute functional by the middle of

आस–पास पुर्णतः सुसज्जित संस्थान स्थापित करने की परियोजना के रूप में इस दिशा में कार्य आरंभ किया जा चुका है। यह आशा की जाती है कि यह संस्थान शीघ्र ही बाजार में अपना स्थान बना लेगा, चूंकि बाजार में प्रशिक्षित जनशक्ति उपलब्ध कराने की मांग में बहुत अधिक बढ़ोतरी होने से प्रशिक्षण देना लाभदायक व्यवसाय बन गया है, किंतु अभी भी पर्याप्त विशेषज्ञता रखने वाली अथवा मान्य एजेंसियां इस क्षेत्र में बहुत कम ही हैं। हमें यह पूरी आशा है कि भामा ब्यूरो के द्वारा आरम्भ किए गए प्रयास के रूप में आईएसओ 9000 प्रमाणन के भारत में आगमन के परिणामस्वरूप, अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उद्योग द्वारा स्वागत किया जाएगा।

हम पर्यावरण प्रबन्ध पद्धति प्रमापन को, कुछ विकसित देशों द्वारा चलाये जा रहे इस प्रकार के प्रमाणन के मानदण्डों के अनुरूप आरंभ करने की संभावना भी तलाश रहे हैं। इसका आधार पहले से ही प्रकाशित भारतीय मानक होंगे। उक्त विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय मानक अभी निर्माणाधीन हैं और जैसे ही ये प्रकाशित होंगे तो इनके प्रकाशित होते ही इस प्रकार के प्रमाणन को विश्वव्यापी प्रोत्साहन मिलेगा।

पूर्वअनुमोदित परियोजनाओं की परिधि में रहकर ही हम क्षेत्र अभिज्ञात करने संबंधी विश्व बैंक की परियोजनाओं पर पुनः विचार करने की प्रक्रिया में भी है, ताकि उक्त निधि का उपयोग भामा ब्यूरो की बढ़ती हुई आवश्यकताओं–जैसे, प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, अपने गुणता पद्धति का आडिट करने वाले कार्मिकों का अंशशोधन, कंप्यूटरीकृत प्रबंध सूचना पद्धति, इत्यादि के रूप में और अधिक लाभ के लिए किया जा सके।

भामा ब्यूरो को एक ऐसा संगठन बनाने के लिए, जो न केवल उद्योग की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हो, अपितु इसके साथ–साथ व्यापक समाज के प्रति भी उत्तरदायी हो, किये जा रहे सतत प्रयास के अंतर्गत हम प्रवर्तन, उपभोक्ता शिक्षा तथा आधुनिकीकरण और कार्यालय स्वचलन जैसी गतिविधियों को उच्च प्राथमिकता देना जारी रखेंगे।

(नरेन्द्र सिंह चौधरी)
महानिदेशक

1995-96 even as the project for setting up a full-fledged institute near Delhi is being pursued. It is hoped that the Institute will quickly create a niche for itself in the market where demand for trained manpower has grown exponentially making training a profitable business but with few agencies with adequate expertise or standing. We are sure that the industry will welcome this initiative of BIS in responding to its needs in the wake of arrival of ISO 9000 Certification in India.

We are also looking at the possibility of introducing Environment Management Systems Certification, on the lines it has been introduced in some developed nations, based on an already published Indian standard even as an International standard on the subject is under preparation which, when it comes out, in any case would give impetus to such a certification world-wide.

We are also in the process of taking a fresh look at World Bank projects to identify areas within the ambit of already approved projects where the funds could be utilized more gainfully to serve growing BIS needs like establishment of Training Institute, calibration of our Quality Systems auditing personnel, development of a computerised management information system etc.

The activities of enforcement, consumer education and modernization and office automation will continue to receive high priority in our continuing effort to make BIS an organization which is responsive not merely to the needs of the industry but to those of the society at large at the same time.

(N.S. Choudhary)
Director General

नीति और आयोजना

2 POLICY STRATEGIES AND PLANNING

देश में बाजार से जुड़े, प्रतिस्पर्धात्मक औद्योगिक वातावरण को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा आरम्भ किए गए आर्थिक सुधारों को दृष्टिगत रखते हुए गुणता का स्थान वस्तुतः बहुत महत्वपूर्ण हो गया है और यह व्यवहार संबंधी नीतियों का अभिन्न अंग बन गयी है। औद्योगिक परिदृश्य में हुए इस परिवर्तन का परिणाम यह हुआ कि भारतीय मानक ब्यूरो (भामा ब्यूरो), जो राष्ट्रीय मानक निकाय है, को अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ा और भारत के औद्योगिक विकास में मुख्य सहभागी की भूमिका निभाना जारी रखने के लिए व इस प्रकार की अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए अपनी कार्यप्रणाली को पुनर्गठित करना पड़ा।

In the wake of the economic reforms initiated by the Union Government with a view to create market-driven, competitive industrial environment in the country, quality has assumed a prime role and in fact, become an integral component of business strategy. This change in industrial scenario means that the Bureau of Indian Standards (BIS), as the national standards body, has to reassess the needs of customers and reorient its functioning to meet their needs so that it can to continue to play the role of a key partner in India's industrial development.

केन्द्रीय नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री ऐ.के. एंटनी जो भारतीय मानक ब्यूरो के शीर्षस्थ निकाय "ब्यूरो" के अध्यक्ष हैं, के मार्गदर्शन में भामा ब्यूरो ने अपने परिचालन की दक्षता बढ़ाने और अपनी सेवाओं की गुणता को उन्नत करने के लिए कई प्रमुख उपाय किए। वर्ष 1994-95 आरम्भ होने के एकदम पहले ही "ब्यूरो" की 12वीं बैठक 24 मार्च 1994 को आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 1994-95 के दौरान भामा ब्यूरो की गतिविधियों की दिशा निर्धारित की गई। सेवाओं की गुणता में सुधार जारी रखने के अलावा ब्यूरो में प्रयोगशाला के आधुनिकीकरण करने के कार्यक्रम, योजना निधि और विश्व बैंक निधि के अन्तर्गत प्रवर्तन तथा परियोजना को विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों के रूप में अभिज्ञात किया, जिन पर विशेष ध्यान दिया जाना था। प्रवर्तन संबंधी गतिविधि पर बल देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि प्रवर्तन पर एक 'स्थाई समिति' गठित की जाये, जो भा मा ब्यूरो को मानक मुहर के दुरूपयोग से निपटने और विभिन्न गुणता नियन्त्रण आदेशों के उल्लंघन को रोकने के उपायों के बारे में सलाह देगी।

Guided by the Bureau, the apex level body corporate with Shri A. K. Antony, Union Minister for Civil Supplies, Consumer Affairs and Public Distribution, as the President, BIS initiated several major steps towards enhancing the efficiency of its operations and upgrading the quality of its services. The tone for the activities of BIS during the year 1994-95 was set up in the 12th meeting of the Bureau held on 24 March 1994, just as the year 1994-95 was to be ushered in. Apart from continuing improvement in quality of services, the Bureau, in particular, identified the Laboratory Modernization Programme, Enforcement and projects under the Plan Funds and World Bank Funds as areas to be given special attention. In order to give a thrust to the enforcement activity, it was also decided to set up a Standing Committee on Enforcement to advise BIS on ways and means for dealing with misuse of Standard Mark as well as violation of various Quality Control Orders.

7 दिसम्बर 1994 को हुई ब्यूरो की 13वीं बैठक में भामा ब्यूरो द्वारा की गई प्रगति का "ब्यूरो" ने जायजा लिया। अपनी पिछली बैठक के आयोजन के बाद से किए गए उपायों की सराहना करने के साथ–साथ "ब्यूरो" ने उपभोक्ता संगठनों के समर्थन और भामा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं की क्षमता को बढ़ाने के माध्यम से प्रवर्तन संबंधी गतिविधि को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। भामा ब्यूरो को अपने कार्यकलापों, विशेष रूप से उत्पाद प्रमाणन योजना को अधिक दक्षता के साथ व्यवस्थित करने में भामा ब्यूरो को समर्थ बनाने के लिए "ब्यूरो" ने धारा 10 (1) के अन्तर्गत महानिदेशक को वे शक्तियाँ सौंपी, जो पहले कार्यकारिणी समिति को सौंपी गई थीं। इनमें से कुछ शक्तियाँ शाखा कार्यालय और प्रयोगशालाओं की स्थापना और विदेशी निकायों के साथ करार करने के संबंध में है।

In the 13th meeting of the Bureau held on 7 December 1994, the Bureau took stock of the progress made by BIS. While appreciating the measures taken since its last meeting, the Bureau emphasized the need for further strengthening the enforcement activity with the support of consumer organizations and augmenting capacity of BIS laboratories. In order to enable BIS to manage its functions especially the operation of the Product Certification Scheme more efficiently, the Bureau also delegated powers under Section 10(1), which were earlier vested in the Executive Committee, to the Director General. Some of these relate to establishment of branches and laboratories, entering into agreements with overseas bodies, etc.

भामा ब्यूरो द्वारा वर्ष के दौरान अपनी सेवाओं की गुणता सुधारने के लिए किए गए विभिन्न उपायों में उल्लेखनीय उपाय, निम्नलिखित हैं :

The notable among the several initiatives taken by BIS during the year towards improving the quality of its services are the following:

क) मानक निर्धारण के लिए संख्या के आधार पर लक्ष्य निर्धारित करने की दीर्घकालीन नीति बदल दी गई ताकि इसमें परिवर्तन करके इसे पूर्णतः माँग संचालित गतिविधि बना दिया जाए और मानकों के विकास की आवश्यकता स्थापित करने और मानक निर्धारित करने की गति बढ़ाकर प्राथमिकता वाले मानकों के लिए समयावधि अधिकतम 10 मास और अन्य मानकों के लिए 36 मास करने पर बल दिया गया।

a) The long held policy of numerical targets for standards formulation was discarded in order to make it an entirely demand-driven activity with accent on establishing need for development of standards and accelerating the pace of development to cut down the time to 20 months maximum for priority standards and 36 months for other standards.

ख) देश में फैले अपने बिक्री केन्द्रों पर ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं को सुधारने के उद्देश्य से माल सूची को न्यूनतम करने का कार्य किया गया ताकि स्टॉक को नियंत्रण योग्य अनुपात तक सीमित किया जाए और इन्वेन्टरी सहित बिक्री की पूरी गतिविधि को कम्प्यूटरीकृत किया गया।

ग) लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया को संशोधित किया गया और आवेदक–निर्माता का आवेदनपत्र स्वीकार करते हुए प्रमाणन योजना के प्रचालन के लिए उसकी तैयारी का मूल्यांकन करने पर बल दिया गया और भा मा ब्यूरो के भीतर आवेदन पर निर्णय लेने के लिए छह मास तक की अधिकतम समय सीमा निर्धारित की गई। इसके परिणामस्वरूप लम्बित आवेदनों की संख्या में आश्चर्यजनक रूप से कमी आई और यह संख्या 2995 से घटकर 1450 रह गई और इसमें से भी केवल 546 आवेदन ऐसे हैं, जो 31 मार्च 1995 को छह मास से अधिक की अवधि के लिए लंबित है जबकि 31 मार्च 1994 को उपयुर्क्त आवदेनों की संख्या 1 931 थी।

घ) दक्षता लाने की दृष्टि से लाइसेंसों का नवीकरण करने की शक्तियाँ शाखा कार्यालयों के प्रमुखों को सौप दी गई और नवीकरण की अवधि एक बार में एक साल से बढ़ाकर अधिकतम 2 साल कर दी गई।

ड़) मानक मुहर के दुरूपयोग को रोकने के लिए उपयुर्क्त नियम बनाये गए ताकि भा मा ब्यूरो अधिनियम के अंतर्गत ही निहित तलाशी लेने और माल जब्त करने की शक्ति को उपयोग में लाने में भा मा ब्यूरो के अधिकारियों को समर्थ बनाया जा सके। इसके अलावा राज्य सरकारों को अनिवार्य वस्तु अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों को लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार किया गया है। इन उपायों के फलस्वरूप बेईमान निर्माताओं के साथ–साथ डीलरों पर भी देश भर में कई छापे डाले गए।

च) भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से भामाब्यूरो प्रयोगशाला के लिए आवेदक–निर्माताओं के साथ–साथ लाइसेंसधारी निर्माताओं से प्राप्त नमूनों के परीक्षण के लिए समय संबंधी कड़े मानदण्ड निर्धारित किए गए और यह अनुदेश भी दिए गए कि जारी की जाने वाली सभी रिपोर्ट हर प्रकार से पूरी हों। इसके अतिरिक्त जहाँ आंशिक परीक्षण सुविधाएं हैं, वहाँ परीक्षण की पूरी सुविधा उपलब्ध कराने और बढ़ते हुए कार्यभार को पूरा करने के लिए परीक्षण सुविधाएं बढ़ाने का कार्य भी आरंभ किया गया।

छ) उपभोक्ता शिक्षा पर पुनः बल दिया गया है और इस बात पर भी बल दिया गया कि आईएसआई मुहर के दुरूपयोग को रोकने के लिए भामाब्यूरो की सहायता करने में उनकी भूमिका के बारे में उपभोक्ताओं को शिक्षित किया जाए। वर्ष के दौरान स्कूलों और कालिजों में उपभोक्ता जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित करना भी आरंग किया गया।

ज) भामाब्यूरो की संपूर्ण गतिविधियों को शामिल करते हुए कार्पोरेट ऑडिट कराने की पद्धति औपचारिक रूप से आरंभ की गई और निर्धारित पद्धति की पर्याप्तता और उसके अनुपालन का मूल्यांकन करने के लिए आंतरिक ऑडिट किए गए।

इसके अलावा श्री नरेन्द्र सिंह चौधरी महानिदेशक, भामाब्यूरो की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक वर्ष में तीन बार आयोजित की गई।

योजनागत परियोजनाएँ

भामाब्यूरो की भौतिक सुविधाएं, जो प्रकृतित ग्रहन पूँजी की अपेक्षा रखती है, को राष्ट्रीय योजना व्यय के भाग के रूप में भारत सरकार द्वारा प्रदन्त वित्त से निर्मित की जाती है। आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) के अन्तर्गत अनुमोदित भामाब्यूरो योजनागत परियोजना के लिए 1500 लाख रूपये का व्यय प्रदान किया गया है। वर्ष 1994-95 के दौरान 252.55 लाख रूपये विभिन्न योजनागत परियोजनाओं पर खर्च किये गये।

b) In order to improve the service to the customers at its sales counters across the country, an exercise of inventory reduction to bring down stocks to manageable proportion and computerization of entire sales activity including inventory were taken up.

c) The procedure for grant of licence was modified with emphasis on assessing preparedness of the applicant manufacturer for operating the Certification Scheme while accepting the application and stipulating a maximum time frame of six months for taking a decision on the applications within BIS. This led to drastic reduction in number of pending applications from 2995 to 1450 with only 546 applications pending for more than six months as on 31 March 1995 against 1931, on 31 March 1994.

d) In the interest of efficiency, the powers to renew the licences were delegated to the heads of branch offices and the period of renewal increased from one year to maximum two years at a time.

e) In order to deal with the misuse of Standard Mark, suitable rules were framed to enable BIS officers to exercise powers of search and seizure vested in them under the BIS Act. Besides, the State Governments were sensitized to take on an active role in enforcing the various Quality Control Orders under the Essential Commodities Act. These measures led to several raids being conducted across the country on unscrupulous manufacturers as well as dealers.

f) In order to improve the service given by BIS laboratories, strict time norms were laid down for testing of samples drawn from applicant manufacturers as well as licensed manufacturers with instructions to issue test reports complete in all respect. Besides, a programme for completing testing facilities, wherever partial testing facilities are in existence, as well as augmenting testing capacity to meet the work load has been initiated.

g) Consumer education was given a renewed thrust with emphasis on educating the consumers regarding the evil of misuse of ISI Mark and their role in helping BIS in dealing with such misuse. A programme of consumer awareness amongst schools and colleges was also launched during the year.

h) A system of corporate audit covering all activities of BIS was formally introduced and internal audits carried out with a view to assess the adequacy of laid down systems as well as compliance to them.

Besides, the Executive Committee under the Chairmanship of Shri N. S. Choudhary, Director General, BIS met thrice during the year.

PLAN PROJECTS

The infrastructural facilities of BIS which are capital intensive in nature, are built through finances provided by the Government of India as part of the National Plan outlay. The BIS Plan Projects, as approved under the VIII Five Year Plan (1992-97), envisage an outlay of Rs. 150 million. During 1994-95, Rs. 25.255 million were spent on various plan projects. The progress/position of various plan projects is given below:

प्रयोगशाला उपस्कर

किसी भी प्रयोगशाला के लिए परीक्षण उपस्कर सबसे अधिक महत्वपूर्ण उपस्करण है। भामाब्यूरो प्रयोगशालाओं में परीक्षण उपस्करों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक लाने के लिए उनका लगातार उन्नयन किया जा रहा है, ताकि विश्व बाजार में भामाब्यूरो की प्रयोगशालाओं की परीक्षण रिपोर्टें स्वीकार्य हो सकें। नई प्रोद्योगिकि से बने परिष्कृत उपस्करों के कारण परिक्षणों में लगने वाला समय भी कम हुआ है। भामा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए गैस क्रोमोटोग्राफ, स्टोमेकर, दो उच्चकार्यकारिता वाले द्रव क्रोमोटोग्राफ तथा अन्य प्रयोगशाला संबंधी उपस्कर खरीदे गए।

कम्प्यूटर और अन्य संबद्ध उपस्कर

मानकीकरण के लिए सूचना संसाधन की काफी मात्रा में आवश्यकता होती है। भामाब्यूरो ने अपनी विभिन्न गतिविधियों का कम्प्यूटरीकरण करने की विस्तृत योजना बनाई है। इस संबंध में कम्प्यूटर और अन्य संबद्ध उपस्कर, जैसे अधिक गति वाले मुद्रक तथा फोटोकॉपियर की पहचान मानकों के तेजी से निर्धारण और ग्राहकों को दक्ष सेवा देने के लिए की गई।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी

विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय समिति की सिफारिशों पर एक्सपलेनेटरी हैंडबुक तैयार करने की दो परियोजनाएं आरंभ की गई। वर्ष 1994-95 के दौरान बिल्डिंग कन्सट्रक्शन प्रैक्टिसेज पर हैंडबुक और आई एस 875 (भाग III) कोड ऑफ प्रेक्टिसेज फॉर डिज़ाइन लोडस फॉर बिल्डिंग एंड स्ट्रक्चर पर एक्सपलेनेटरी हैंडबुक तैयार करने का कार्य अंतिम स्थिति में है और यह आशा है कि 1995-96 की पहली तिमाही में यह हैंडबुक पूरी हो जाएगी। इन हैंडबुकों को तेयार करने पर 8.22 लाख रूपये खर्च हुए।

गैट स्टैण्डर्डस कोड के अन्तर्गत राष्ट्रीय पूछताछ केन्द्र

भारत सरकार ने भामाब्यूरो को तटकर और व्यापार पर सामान्य करार (गैट) मानक संहिता के अंतर्गत केन्द्रीय पूछताछ केंद्र के रूप में नामित किया है। पूछताछ केन्द्र के कार्यकलाप को प्रभावशाली बनाने के लिए यह आवश्यक है कि शक्तिशाली सूचना तंत्र और दक्ष नेटवर्क बनाया जाए ताकि सूचना का वितरण शीघ्र किया जा सके। लेजट प्रिंटर, डेस्क टॉप पब्लिशिंग तंत्र, कंम्प्यूटर, फैक्स मशीन तथा माइक्रोग्राफी उपस्करों के लिए स्पेयर पुर्जो की खरीद पर 11.30 लाख रूपये खर्च किए गए।

स्टाफ के लिए आवास की व्यवस्था

स्थानान्तरित होने वाले अधिकारियों के लिए आवास की गंभीर कमी की समस्या के समाधान के लिए ब्यूरो 1976-80 से आवासीय फलैट प्राप्त कर रहा है। वर्ष 1994-95 के दौरान भामाब्यूरो के चंडीगढ़ में 10 फलैट और अहमदाबाद में 12 फलैट खरीदे और भोपाल में 12 फलैटों की खरीद के लिए आंशिक भुगतान भी कर दिया है। इस वर्ष इस परियोजना पर 109.77 लाख रूपये खर्च हुए।

विश्व बैंक परियोजना

भामाब्यूरो ने प्रौद्योगिकी सेवा आवर्ती निधि के अन्तर्गत विश्व बैंक के साथ 954 लाख रूपये का ऋण सात परियोजनाओं के लिए प्राप्त किया जो 4 वर्ष के विलम्बन काल सहित 15 वर्षों में वापिस किया जाना है।

Laboratory Equipments

The most important constituent of a laboratory is the testing equipment. BIS laboratories are continuously upgrading the testing equipment to bring them to international level to enable acceptance of BIS laboratory test reports in global market. The use of sophisticated equipment with latest technology would also reduce the time taken for testing. For modernisation of BIS Laboratories, gas chromatograph, stomacher, two high performance liquid chromatographs and other laboratory equipments were procured.

Computer and Other Associated Equipment

Standardisation requires a considerable amount of information processing. BIS has drawn detailed plans for computerization of its various activities. In this regard, computers and other associated equipments like high speed printers and photocopiers were identified for speedier formulation of standards and for providing efficient service to customers.

Science and Technology

On the recommendations of the National Committee for Science and Technology, two projects for the preparation of Explanatory handbooks were initiated. During 1994-95, handbooks on Building Construction Practices and Explanatory Handbook on IS 875 (Part III), Code of Practice for Design Loads for Building and Structures were at advanced stage of preparation and expected to be completed during 1995-96. An expenditure of Rs. 0.822 million was incurred on the preparation of these handbooks.

Central Enquiry Point Under the GATT Standards Code

The Government of India has nominated BIS as the Central Enquiry Point under the General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) Standards Code. In order that the Enquiry Point functions effectively, it is necessary to build a strong information system and an efficient network for quicker dissemination of information. An expenditure of Rs. 1.13 million was incurred on purchase of laser printer, desk top publishing system, computer, fax machines and spares for micrography equipment.

Staff Housing

To resolve the problem of acute shortage of housing for transferable officers, BIS has been acquiring residential flats since 1979-80. During 1994-95, BIS purchased 10 flats at Chandigarh and 12 flats at Ahmedabad and made partial payment towards purchase of 12 flats at Bhopal. An expenditure of Rs. 10.977 million was made on this project during the year.

WORLD BANK PROJECTS

BIS had obtained in 1991-92 a loan of Rs. 95.4 million for seven projects from the World Bank under the Technology Services Revolving Fund, repayable in 15 years with a moratorium of four years.

ब्यूरो की तेरहवीं बैठक
Thirteenth Bureau meeting in progress

प्रबन्ध और पद्धति विभागीय परिषद की बैठक
Management and Systems Division Council meeting in progress

भामा ब्यूरो मुख्यालय नई दिल्ली में आईएसओ टीसी/113/एससी 2 की बैठक
'ISO TC 113 SC2' meeting held at BIS Head Quarters, New Delhi, in progress

वर्ष 1994-95 के दौरान सतत मानीटरी और संघनित प्रयासों के फलस्वरूप, भामा ब्यूरो मानकीकरण प्रबंध तथा मानक विकास निर्यात के लिए भामा ब्यूरो की सहायता को बढ़ाया, मानक सूचना केन्द्र, उत्पादों की गुणता बढ़ाना, भामा ब्यूरो की प्रशिक्षण गतिविधियों को और अधिक समर्थ बनाना, आदि, परियोजनाओं के अन्तर्गत 166.51 लाख रूपयों का उपयोग कर सका।

भारतीय मानकों के पुनरीक्षण और उन्हें अद्यतन बनाने की गति तीव्र करने के लिए और (संशोधन सहित) प्रकाशित मानकों को देशभर में फैले ग्राहकों को न्यूनतम अवधि में उपलब्ध कराने के लिए विश्व बैंक की निधि से एक परियोजना मानकों के पूरे पाठ की इलैक्ट्रोनिक इमेज बनाने, भंडारन, पुनः प्राप्ति तथा मुद्रण के लिए आरंभ की गई है। इस परियोजना में भारतीय मानकों की वर्तमान सभी हार्ड कापियों का प्रकाशिक डिस्क चुम्बकीय माध्यम और सीडी–आर ओ एम पर आधारित पूरे पाठ को डाटाबेस में परिवर्तित करने की सुविधाओं का सृजन करने के लिए आरंभ की गई है ताकि संशोधन सहित मानक के अद्यतन संस्करण की मुद्रित प्रतियाँ माँग पर उपलब्ध कराई जा सकें। आरंभ में यह सुविधा मुख्यालय में होगी तथा बाद में क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों में उपलब्ध कराई जाएगी। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में 16 500 से अधिक भारतीय मानकों के भंडारण के लिए संपेक्षित–बहु मूल्य भंडारण स्थान की बचत भी हेा सकेगी।

विशिष्ट परियोजनाएँ

राजीव गांधी राष्ट्रीय पेयजल मिशन के भाग के रूप में ग्रामीण विकास विभाग, कृषि मंत्रालय में 1988 में भा मा ब्यूरों को जलपूर्ति मिशन पर गुणता आश्वासन (क्वासम) का कार्य 119 लाख रूपये की लागत पर सौंपा और इस परियोजना में मिशन का समर्थन ग्रामीण जलपूर्ति (आर डब्लयू एस) योजनाओं से संबद्ध गतिविधियों और मदों पर मानक और मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार करना, उन मदों का प्रमाणन तथा भामा ब्यूरो में इन मदों के लिए परीक्षण सुविधाओं का सृजन उन्नयन है।

नल / वेधकूप की अवस्थिति, प्रचालन और रखरखाव, पाइप और फिटिंग तथा "पम्प" पर तीन विशिष्टि प्रकाशनों (हैंड बुकों) के प्रकाशन सहित तथा आर डब्ल्यू एस योजना में लगे राज्य स्तरीय इंजीनियरों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ यह परियोजना 31 मार्च 1995 को पूरी हो गई।

As a result of constant monitoring and concerted efforts, BIS was able to utilize Rs. 16.651 million during 1994-95 under the projects on Standardization Management and Standards Development, Upgrading BIS Assistance to Exporters, Standards Information Centre, Upgrading Quality of Products, Strengthening BIS Training Activities.

In order to quicken the pace of revising and updating Indian Standards and to make published standards (with amendments) available to the customers country wide with minimum waiting time, a project to be funded by World Bank has been initiated to create facilities for electronic imaging, storage, retrieval and printing system for full text of standards. The project includes conversion of all the existing hard copies of Indian Standards to optical disk/magnetic media and prepare CD-ROM based full text database so that printed copies of updated versions incorporating the amendments can be provided on demand. This facility would be available at Headquarters to begin with and subsequently at Regional and Branch Offices. This would also result in the saving of valuable storage space of over 16 500 Indian Standards at Headquarters, Regional and Branch Offices.

SPECIAL PROJECTS

As a part of the Rajiv Gandhi National Drinking Water Mission, the Department of Rural Development, Ministry of Agriculture had in 1988 assigned the Quality Assurance for Water Supply Mission (QAWSM) project to BIS with an outlay of Rs. 11.9 million. The project envisaged support to the Mission in the form of preparation of standards and guidelines for activities and items related to rural water supply (RWS) schemes, certification of such items and creation/upgradation of testing facilities in BIS laboratories for these items.

With the publication of three special publications (handbooks) on 'Location, Operation and Maintenance of Tube/Borewells, 'Pipes and fitting' and 'Pumps', and one awareness programme for state level engineers engaged in RWS schemes during the year, the project was completed on 31 March 1995.

मानक निर्धारण

3 STANDARDS FORMULATION

मानक निर्धारण गतिविधि के बारे में जानने के लिए सिविल इंजीनियरी, विद्युत तकनीकी, खाद्य एवं कृषि, प्रबन्ध एवं पद्धति, धातुकर्म इंजीनियरी, उत्पादन इंजीनियरी, नदी घाटी, वस्त्रादि एवं परिवहन इंजनियरी की विभागीय परिषद की वर्ष में बैठकें हुई। मानकों के मसौदों और उनसे संबंधित तकनीकी प्रलेखों पर विस्तार से विचार करने के लिए 152 विषय समिति की बैठकें भी आयोजित की गयीं।

वर्ष के दौरान 338 मानक (नये तथा पुनरीक्षित) ब्यूरो द्वारा निर्धारित किये गये, जिससे 31 मार्च 1995 को (देखें आकृति 3.1) लागू मानकों की कुल संख्या 16 631 हो गयी। इसके अलावा वर्तमान भारतीय मानकों के 255 संशोधन भी जारी किये गये। मानक निर्धारण गतिविधि का विभागवार विवरण सारणी 3.1 में दिया गया है।

महत्वपूर्ण मानक

कुछ महत्वपूर्ण विषय, जिन पर नये तथा पुनरीक्षित मानक बने, की सूची नीचे दी जा रही है :

रसायन

– पर्यावरण संबंधी नमूनों में रेडियोन्यूक्लाइड – सकल बीटा सक्रियता मापन की पद्धतियों

To take stock of standards formulation activity, Division Councils of Civil Engineering, Electrotechnical, Food and Agriculture, Management and Systems, Metallurgical Engineering, Production Engineering, River Valley, Textiles and Transport Engineering met during the year. The meetings of 152 Sectional Committees were also held to consider drafts of standards and related technical documents in detail.

During the year, the Bureau formulated 338 standards (new and revised), bringing the total number of standards in force to 16 631 as on 31 March 1995 (*see Fig. 3.1*). In addition 255 amendments to existing Indian Standards were issued. Departmentwise details of standard formulation activity is given in Table 3.1.

IMPORTANT STANDARDS

Some of the important subjects on which new or revised Indian Standards were formulated are listed below:

Chemical

- Radionuclides in environmental samples — Methods of gross beta activity measurement

सारणी 3.1 1994-95 के दौरान मानक निर्धारण गतिविधि
Table 3.1 Standards Formulation Activity During 1994-95

क्षेत्र Field	निर्धारित मानक Standards Formulated	जारी किए गए संशोधन Amendments Issued
(1)	(2)	(3)
रसायन Chemical	25	30
सिविल इंजीनियरी Civil Engineering	21	20
इलैक्ट्रानिकी एवं दूरसंचार Electronics and Telecommunications	22	1
विद्युत तकनीकी Electrotechnical	32	31
खाद्य एवं कृषि Food and Agriculture	29	49
भारी यांत्रिक इंजीनियरी Heavy Mechanical Engineering	16	26
हल्की यांत्रिक इंजीनियरी Light Mechanical Engineering	23	3
प्रबन्ध एवं पद्धति Management and Systems	19	5
चिकित्सा उपस्कर एवं अस्पताल आयोजन Medical Equipment and Hospital Planning	16	24
धातुकर्म इंजीनियरी Metallurgical Engineering	24	35
पेट्रोरसायन Petrochemicals	19	9
उत्पादन इंजीनियरी Production Engineering	25	5
नदी घाटी River Valley	13	Nil
वस्त्रादि Textiles	20	5
परिवहन इंजीनियरी Transport Engineering	34	12
योग TOTAL	**338**	**255**

– पर्यावरण संबंधी नमूनों में रेडियोन्यूक्लाइड – सकल एल्फा सक्रियता मापन की पद्धतियां

– पर्यावरण संबंधी नमूनों में रेडियोन्यूक्लाइड – यूरेनियम के आकलन को पद्धतियां

सिविल इंजीनियरी

– छत और फर्श बनाने के लिए पूर्वढलित पूर्वप्रबलित कंकरीट प्लांक तथा जोड़ – विशिष्ट

– पूर्व दलित पूर्व प्रचलित कंकरीट प्लांक और जोड़ सहित फर्श तथा छत की डिजाइन और संरचना – रीति संहिता

– फर्श तथा छत बनाने के लिए पूर्व संविरचित ईटों के पेनल तथा आंशिक पूर्व ढले कंकरीट जोइस्ट – विशिष्टि

– पूर्व संविरचित ईटों के पैनल सहित फर्श और छत के डिजाइन तथा संरचना – रीति संहिता

इलैक्ट्रॉनिकी और दूरसंचार

– केबलकृत वितरण प्रणाली – मुख्य रूप से 30 मेगाहर्टज तथा 1 मेगाहर्टज के बीच के ध्वनि तथा दूरदर्शन संकेत प्रचालन के लिए बना (पहला पुनरीक्षण)

– रेडियो आवर्ती केबल, केबलकृत वितरण प्रणाली में प्रयुक्त एकल यूनिट समाक्ष केबल की सामान्य अपेक्षाएं तथा परीक्षण

– डिश एंटीना – विशिष्टि

– सक्रिय और निष्क्रिय समाक्ष वाइड बैंड वितरण संघटक

– सेटलाइट रिसीवर – विशिष्टि

विद्युत तकनीकी

– ए.सी. पावर प्रणाली के लिए 1 000 वो. से अधिक की रेटित वोल्टता के शंट संधारित्रों में सहायता परीक्षण

– 1 000 वो. तक की कार्यकारी वोल्टता के लिए एरियल बंचकृत केबल

– प्रोग्राम योग्य नियंत्रक : सामान्य सूचना

खाद्य एवं कृषि

– मसाला संसाधन इकाइयों के लिये स्वास्थ्यकर रीति संहिता

भारी यांत्रिक इंजीनियरी

– वाष्पशील एयर कूलर (डेजर्ट कूलर) (पहला पुनरीक्षण)

– कृषि प्रयोजनों के लिए अनुशंसित प्रणाली (दूसरा पुनरीक्षण)

– पैकेजबंद बायलरों की दक्षता के परिकलन की पद्धति

- Radionuclides in environmental samples - Methods of gross alpha activity measurement
- Radionuclides in environmental samples - Methods of estimation of uranium

Civil Engineering

- Precast reinforced concrete planks and joists for roofing and flooring - Specification
- Design and construction of floor and roof with precast reinforced concrete planks and joists - Code of practice
- Prefabricated brick panel and partially precast concrete joist for flooring and roofing - Specification
- Design and construction of floors and roofs with prefabricated brick panel - Code of practice

Electronics and Telecommunication

- Cabled distribution system, primarily intended for sound and television signals operating between 30 MHz and 1 GHz *(first revision)*
- Radio frequency cables, general requirements and tests for single unit coaxial cable for use in cabled distribution system
- Dish antenna — Specification
- Active and passive co-axial wide band distribution components
- Satellite receivers — Specification

Electrotechnical

- Endurance testing of shunt capacitors for AC power systems having a rated voltage above 1 000 V
- Aerial bunched cables for working voltages up to and including 1 000 V
- Programmable controller : General information

Food and Agriculture

- Code for hygienic practice for spices and condiments processing units

Heavy Mechanical Engineering

Evaporative air coolers (desert coolers) *(first revision)*

Recommended pumping system for agricultural purposes *(second revision)*

Method of calculation of efficiency of packaged boilers

आकृति 3.1 लागू मानक

Fig. 3.1 Standards in force

(31 मार्च को) (As on 31st March)



हल्की यांत्रिक इंजीनियरी

– फास्टनर्स – षटकोणीय सॉकेट सहित काउंटरशक एवं शीर्श पेंच वाले – विशिष्टि

– वस्त्रादि पूर्व प्रबलित रबड़ के प्लाई युक्त वाहक पट्टों के लिए स्थानिक गैर यांत्रिक जोड़ – रीति संहिता

– पैकेजबंदी – यूनिट भार साइज – आयाम

प्रबंध एवं पद्धति

– एस आई यूनिटें और उनके और कुछ अन्य यूनिटों के बहुगणक उपयोग की सिफारिशें (दूसरा पुनरीक्षण)

– प्रलेखन और सूचना – प्रलेखों तथा आँकड़ों का अभिग्रहण उनकी पहचान और विश्लेषण की पारिभाषिक शब्दावली

– वार्ड, नर्सिंग सेवाओं तथा आपरेशन थियेटर सहित अस्पताल (30 बिस्तर वाले अस्पतालों के लिए) की सेवाओं का गुणता प्रबंध

चिकित्सा उपस्कर एवं अस्पताल योजना

– ठोस नली वाला डाक्टरी थर्मामीटर (दूसरा पुनरीक्षण)

– एक बार उपयोग में आने वाली निर्जर्म अधस्त्वक् सिरिंजें (पहला पुनरीक्षण)

– विकलांगों के लिए कृत्रिम अंगों पर सूचनांकन पैकिंग करने और लेबल लगाने संबंधी सामान्य अपेक्षाएं

धातुकर्म इंजीनियरी

– चुम्बकीय परिपथ के गैर उन्मुखी वैद्युत इस्पात की चददरें और पट्टियाँ – विशिष्टि (चौथा पुनरीक्षण)

– संसाधित लौह–छीज़न के वर्गीकरण की संहिता (पहला पुनरीक्षण)

– लोहे–ऑक्साइड के लिए तापीय अपचयन सूचकांक (टीडीआई) और लघुकरण अपचयन सूचनांक (आरडीआई) ज्ञात करने की पद्धति

– इस्पात बनाने के लिए गर्म–इष्टिकाकृत स्पंज लौह (एचबीआई)

पैट्रोरसायन

– फेनोली लेमिनेट की गई चददरें – विशिष्टि (दूसरा पुनरीक्षण)

– सजावटी तापस्थापन संशिलष्ट रॅजिन बद्ध लेमिनेट की गई चददरें (दूसरा पुनरीक्षण)

– मोटर गेसोलिन (दूसरा पुनरीक्षण)

– डीज़ल ईंधन (तीसरा पुनरीक्षण)

उत्पादन इंजीनियरी

– कई नौंक वाले हीरा संसेचित ड्रेसिंग औजार – विशिष्टि

– उच्च गति वाले इस्पात रीमर – तकनीकी पूर्ति शर्तें (दूसरा पुनरीक्षण)

Light Mechanical Engineering

- Fasteners - Countersunk head screws with hexagon socket - Specification
- On-site non-mechanical jointing of plied textile reinforced rubber conveyor belting - Code of practice
- Packaging - Unit load sizes - Dimensions

Management and Systems

- SI units and recommendations for the use of their multiples and of certain other units *(second revision)*
- Documentation and information - Vocabulary on acquisition, identification and analysis of documents and data
- Quality management for hospital services covering wards, nursing services and operation theatre (up to 30-bedded hospitals)

Medical Equipment and Hospital Planning

- Solid stem type clinical thermometers *(second revision)*
- Sterile hypodermic syringes for single use *(first revision)*
- General requirements for marking, packaging and labelling of orthopaedic implants

Metallurgical Engineering

- Non-oriented electrical steel sheets and strips of magnetic circuits - Specification *(fourth revision)*
- Code for classification of processed ferrous scrap *(first revision)*
- Methods for determination of thermal degradation index (TDI) and reduction degradation index (RDI) of iron oxides *(first revision)*
- Hot briquetted sponge iron (HBI) for steel making

Petrochemicals

- Phenolic laminated sheets - Specification *(second revision)*
- Decorative thermosetting synthetic resin bonded laminated sheets *(second revision)*
- Motor gasoline *(second revision)*
- Diesel fuels *(third revision)*

Production Engineering

- Multi-point diamond impregnated dressing tools - Specification
- High speed steel reamers -Technical supply conditions *(second revision)*

– कार्बाइड टिप वाले तथा ठोस कार्बाइड रीमर – तकनीकी पूर्ति शर्तें (पहला पुनरीक्षण)

नदी घाटी

– जलाशय प्रचालन – मार्गदर्शी सिद्धांत (पहला पुनरीक्षण)
– नदी घाटी परियोजनाओं की संरचना, प्रचालन तथा रखरखाव की सुरक्षा संहिता – खुला खनन
– बैराज तथा वियर के मापयंत्रण के मार्गदर्शी सिद्धांत

वस्त्रादि

– मनीला रस्से – विशिष्टि (चौथा पुनरीक्षण)
– वस्त्रादि सहायक उपकरण – यूरिया फोर्मलडिहाइड रेजिन – विशिष्टि
– वस्त्रादि सहायक उपकरण–डाइमिथाइलोल, इथाइलिन यूरिया अभिकारक – विशिष्टि

परिवहन इंजीनियरी

– मोटर वाहन ब्रेक लाइनिंग
– मोटर वाहन – ब्रेकिंग प्रणाली – दुपहिया और तिपहिया वाहनों की परीक्षण प्रक्रिया
– आंतरिक दहन इंजन – विकिरक – ऊष्मा क्षति कार्यकारिता – परीक्षण पद्धति
– मोटर वाहन – वाह्य प्रक्षेपण – कार्यकारिता संबंधी अपेक्षाएं
– पोतनिर्माण – समुद्री सुवाह्य अग्निशमन साधित्रों का परीक्षण, संस्थापन तथा रखरखाव – रीति संहिता (पहला पुनरीक्षण)
– पोत निर्माण – जहाज में मुख्य इंजन में ताजे जल के प्रशीतन की प्रणाली – रीति संहिता

केबल टी.वी. संबंधी मानक

भारत सरकार ने 1994 में केबल टीवी अध्यादेश जारी किया। इस अध्यादेश के अन्तर्गत केबल टीवी नेटवर्क में इस्तेमाल होने वाले केबल टीवी के सभी उपस्करों का सम्बद्ध भारतीय मानकों के अनुरूप होना अपेक्षित है। इस अध्यादेश के जारी होने से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए भामा ब्यूरो ने अपनी रेडियो सम्प्रेषण विषय समिति के माध्यम से केबल टीवी के क्षेत्र से संबंधित मानकों को तैयार करने का कार्य युद्धस्तर पर करना आरंभ कर दिया। वर्ष के दौरान केबल टीवी नेटवर्क के लिए 12 मानकों को अंतिम रूप दिया गया। इन मानकों में डिश ऐन्टीना, हैडएंड (इसमें ऐन्टीना एम्पलीफायर, फ्रीक्यवेंसी कन्वरटर्स, कम्बाइनर्स, सैपरेटर्स एंड जनरेटर शामिल है), सक्रिय तथा निष्क्रिय संघटक, (पद्धति आउटलेट, स्पिलटर्स, सब्स्क्राइबर टेप, फिल्टर, तनुकारक, आइसोलेटर, इत्यादि) समाक्ष केबल से संबंधित केबल टीवी उपस्कर है। इन मानकों में उपरोक्त उपकरणों के लिए कार्यकारिता संबंधी अपेक्षाओं का अनुकूलतम स्तर और एक समान परीक्षण पद्धतियाँ शामिल है। इन मानकों के प्रकाशन से निजी निर्माताओं द्वारा निर्मित केबल टीवी उपस्करों में गुणता के लिए न्यूनतम स्तर सुनिश्चित होगा।

मानकों की पुनरीक्षा और उन्हें अद्यतन बनाना

मानकों की पुनरीक्षा अपवश्यकता होने पर, किन्तु 5 वर्ष में एक बार की जाती है। इस वर्ष 1884 मानकों की पुनरीक्षा की गयी, 1762 मानकों को

- Carbide tipped and solid carbide reamers - Technical supply conditions *(first revision)*

River Valley

- Operation of reservoirs - Guidelines *(first revision)*
- Safety code for construction, operation and maintenance of river valley projects — Open excavation
- Guidelines for instrumentation of barrages and weirs

Textiles

- Manila ropes - Specification *(fourth revision)*
- Textile auxiliaries - Urea formaldehyde resins - Specification
- Textile auxiliaries - Dimethylol, dihydroxy ethylene urea reactant - Specification

Transport Engineering

- Automotive brake lining
- Automotive vehicles - Braking systems - Test procedure for two and three wheelers
- Internal combustion engines - Radiators - Heat dissipation performance - Method of test
- Automotive vehicles - External projection - Performance requirements
- Shipbuilding -Testing, installation and maintenance of marine portable fire appliances - Code of practice *(first revision)*
- Shipbuilding - Ships' main engine fresh water cooling system - Code of practice

CABLE TV STANDARDS

The Government of India in 1994 had promulgated Cable TV Ordinance. Under this ordinance, all the cable TV equipment to be used in the Cable TV Network are required to conform to the relevant Indian Standards. Arising out of promulgation of this ordinance, BIS through its Radio Communication Sectional Committee, had taken up the preparation of standards in the Cable TV area on war-footing basis. During the year, 12 standards have been finalized for cable TV network. These standards cover cable TV equipment relating to dish antenna, headend (covering antenna amplifiers, frequency convertors, combiners, separators and generators), active and passive components, (system outlets, splitters, subscriber's taps, filters, attenuators, isolators, etc) and coaxial cable. These standards cover optimum level of performance requirement and uniform testing methods for such equipment. Publication of these standards will ensure certain minimum level of quality of cable TV equipment by individual manufacturers.

REVIEW AND UPDATING OF STANDARDS

Standards are reviewed as considered necessary, but at least once in five years. During the year, 1884 standards

पुनर्पुष्ट किया गया और 210 को पुनरीक्षित किया गया तथा 403 मानक वापस ले लिये गये। इसके अलावा वर्तमान मानकों में 255 संशोधन किये गये।

आईएसओ/टीसी 113 "हाइड्रोमीट्रिक डिटरमिनेशन" की बैठकें

हाइड्रोमीट्रिक डिटरमिनेशन के क्षेत्र में भारत की रूचि और विशेषता को देखते हुए आईएसओ/टीसी 113 तथा इसकी 2 उप समितियों अर्थात, आईएसओ/टीसी 113/एससी 1 "वेलोसिटी एरिया मैथड" और आईएसओ/टीसी 113/एससी 6 'सेडीमेंट ट्रांसपोर्ट' का सचिवालय ब्यूरो के पास है। आईएसओ/टीसी 113 के अध्यक्ष भारतीय होते हैं और इस समय इसके अध्यक्ष श्री एन. सूर्यनारायन, आयुक्त (पीपी), जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार हैं। आईएसओ/टीसी 113 तथा इसकी उप समितियां अपनी सामूहित बैठकें अपने सदस्यों देशों में बारी-बारी से आयोजित करती हैं। इसी प्रकार की सामूहिक बैठकों की मेजबानी ब्यूरो ने नई दिल्ली में 3 से 8 अक्तूबर 1994 के दौरान की। इन बैठकों में भारत, यू.के., यूएसए., जापान, वर्ल्ड मैटीयोरोलोजिकल ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएमओ) तथा इन्टरनेशनल कमीशन ऑन इरिगेशन एंड ड्रेनेज (आईसीआईडी) के सदस्यों ने भी भाग लिया।

जल संसाधन मंत्रालय, केन्द्रीय जल आयोग, केन्द्रीय जल तथा पावर अनुसंधान स्टेशन, केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड, नेशनल इन्स्टीट्यट आफ टाइड्रोलोजी, रूड़की यूनिवर्सिटी, उ.प्र. सिंचाई अनुसंधान संस्थान इत्यादि से लिये गये सदस्यों से बने भारत के समृद्ध शिष्टमंडल के सदस्यों ने इन बैठकों में भाग लिया। कई महत्वपूर्ण तकनीकी दस्तावेजों पर विचार–विमर्श हुआ और भारत के संघनित प्रयासों के फलस्वरूप उल्लेखनीय प्रगति हुई।

प्रौद्योगिकी संबंधी मिशन

महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समयबद्ध परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने साक्षरता, ग्रामीण क्षेत्रों में जल पूर्ति, टीकाकरण, दूरसंचार, तेल देने वाले पौधों के बीज, डेयरी विकास के क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी मिशन स्थापित किये हैं। ब्यूरो ने मिशनों के लिए अभिज्ञात क्षेत्रों में मानक तैयार करके अपनी प्रमाणन योजना के अंतर्गत सम्बद्ध उत्पादों को शामिल करने की गति को बढ़ाकर तथा इस प्रकार के उत्पादों के लिए अपनी प्रयोगशालाओं में परीक्षण सुविधाओं में वृद्धि करके सभी सहायता प्रदान की।

क्वासम प्रोजेक्ट

ब्यूरो ने 1988 में सौंपे गये राजीव गांधी राष्ट्रीय पेयजल मिशन के अंतर्गत जल पूर्ति मिशन (क्वासम) की गुणता आश्वासन संबंधी परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्य 1988 में आरंभ हुआ था। इस परियोजना के अन्तर्गत राज्य सरकार के फील्ड इंजीनियरों में, इस क्षेत्र में उपलब्ध भारतीय मानकों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने में, जल पूर्ति योजना में भामा ब्यूरों द्वारा प्रमाणित उत्पादों का उपयोग करने के लाभ और लिये गये उत्पादों की गुणता की जाँच के लिए उपलब्ध परीक्षण प्रक्रियाओं पर विशेष रूप से बल दिया गया। देश के विभिन्न भागों में इस प्रकार के कुल 26 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन उत्पादों के निर्माताओं को अपनी प्रमाणन योजना के अन्तर्गत लाने के लिए विशेष बल दिया गया तथा निर्माताओं और राज्यों की खरीद एजेन्सियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस परियोजना के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों पर विशेष हैंडबुकों को अंतिम रूप दिया गया :

were reviewed, 1726 standards were reaffirmed, 210 were taken up for revision and 403 were withdrawn. In addition 255 amendments were issued to the existing standards.

MEETINGS OF ISO/TC 113 HYDROMETRIC DETERMINATIONS

Considering India's interest and expertise in the field of hydrometric determinations, BIS is holding the Secretariat of ISO/TC 113 and two of its subcommittees namely ISO/TC 113/SC 1 Velocity Area Methods and ISO/TC 113/SC 6 Sediment Transport. India has provided the Chairman for ISO/TC 113 and the current Chairman is Shri N. Suryanarayana, Commissioner (PP), Ministry of Water Resources, Govt. of India. ISO/TC 113 and its subcommittees hold their group meetings by rotation in the member countries. Such group meetings were hosted by the Bureau at New Delhi during 3-8 October 1994. The meetings were attended by delegates from India, UK, USA, Japan, World Meteorological Organization (WMO) and International Commission on Irrigation and Drainage (ICID).

From India a strong delegation drawn from Ministry of Water Resources, Central Water Commission, Central Water and Power Research Station, Central Ground Water Board, National Institute of Hydrology, University of Roorkee, UP Irrigation Research Institute, etc, participated in these meetings. A number of important technical documents were discussed and considerable progress was achieved in processing the same through concerted inputs by India.

TECHNOLOGY MISSIONS

In order to achieve time bound results in crucial sectors, Government of India has set up Technology Missions in the areas of literacy, rural water supply, immunization, tele-communication, oil seeds and dairy development. Bureau provided support to these missions through preparation of standards in identified areas, increased coverage of relevant products under its certification scheme and enhanced testing facilities in its laboratories for such products.

QAWSM Project

Bureau successfully completed the Quality Assurance for Water Supply Mission (QAWSM) Project started in 1988 assigned by Rajiv Gandhi National Drinking Water Mission. Under the project special emphasis was laid on generating awareness in field engineers of State Governments about the available Indian Standards in this sector, benefits of using BIS certified products in water supply schemes and available test procedures for checking quality of products procured. A total of 26 such awareness programmes were organized in different parts of the country. Special thrust was given to bring manufacturers of these products under our certification scheme and training programmes were organized for manufacturers and State purchase agencies. Under the project, special Handbooks on the following subjects were finalized:

लाइसेंसों, आवदेकों का मूल्यांकन

नये लाइसेंस प्रदान करने के लिए किये गये आरंभिक निरीक्षणों की संख्या, वर्तमान लाइसेंसों का पर्यवेक्षण करने के लिए किये गये आवधिक और अन्य निरीक्षणों की संख्या तालिका 4.2 में दी गई है।

गतावधि/रद्द किये गये लाइसेंस

वर्ष के दौरान 1292 लाइसेंस गतावधि/रद्द लाइसेंसों के गतावधि होने अथवा रद्द होने के कारण लाइसेंसधारी की असंतोषजनक कार्यकारिता, लाइसेंसधारी की फैक्ट्री का बंद होना, निर्माता द्वारा लाइसेंस में शामिल उत्पाद के निर्माण में रूचि न होना इत्यादि थे।

आकृति 4.3 31 मार्च को लागू लाइसेंसों की संख्या

Fig. 4.3 Number of Operative licences as on 31st March



Assessment of Licenses/Applicants

The number of preliminary inspections for grant of new licenses and periodic and other inspections carried out for supervision of existing licenses is given in Table 4.2.

Expired/Cancelled Licenses

During the year, 1 292 licences were expired/cancelled. The reasons for expiry/cancellation of licenses include unsatisfactory performance by the licensees, closure of the licensee's factory, lack of interest on the part of the licenseesto continue manufacture of the product covered by the license, etc.

सारणी 2 प्रमाणन मुहर लाइसेंसों का क्षेत्रवार वितरण

(31 मार्च 1995 को)

TABLE 4.1 REGION-WISE DISTRIBUTION OF PRODUCT CERTIFICATION (ISI MARK) LICENSES (AS ON 31 MARCH 1995)

क्रम सं. SL. NO.	क्षेत्र REGION	शाखा कार्यालय BRANCH OFFICE	चालू लाइसेंस की संख्या NO. OF LICENSES IN OPERATION
1.	मध्य CENTRAL	क a) दिल्ली Delhi	1 266
		ख b) भोपाल Bhopal	590
		ग c) गाजियाबाद Ghaziabad	474
		घ d) जयपुर Jaipur	496
		योग TOTAL	**2 826**
2.	पूर्वी EASTERN	क a) कलकत्ता (गुवाहाटी सहित) Calcutta (including Guwahati)	1 243
		ख b) भुवनेश्वर Bhubaneshwar	202
		ग c) पटना Patna	320
		योग TOTAL	**1 765**
3.	उत्तरी NORTHERN	क a) चंडीगढ़ Chandigarh	1 461
		ख b) फरीदाबाद Faridabad	333
		ग c) कानपुर Kanpur	248
		घ d) लखनऊ Lucknow	242
		योग TOTAL	**2 284**
4.	दक्षिणी SOUTHERN	क a) मद्रास Madras	672
		ख b) बंगलौर Bangalore	443
		ग c) कोयम्बत्तूर Coimbatore	447
		घ d) हैदराबाद Hyderabad	576
		ण e) तिरवनंतपुरम Thiruvananthapuram	159
		योग TOTAL	**2 297**
5.	पश्चिमी WESTERN	क a) बम्बई Bombay	1 656
		ख b) अहमदाबाद Ahmedabad	1 020
		योग TOTAL	**2 676**
		कुल योग GRAND TOTAL	**11 848**

प्रचालन की समीक्षा

भामा ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना के प्रचालन, मानकों के कार्यान्वयनों में आने वाली तकनीकी समस्याओं, किसी उत्पाद के गुणता संबंधी मानदण्डोंको से उपयोगकर्ता को दी जाने जाने वाली वरीयता के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के उद्देश्य से भामा ब्यूरो लाइसेंसधारियों तथा सम्बद्ध उपभोक्ताओं से सरोकार वालों के साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पुनरीक्षा बैठकें तथा कार्यशालाएं आयोजित की गई। फीडबैक से प्राप्त आंकड़ों का प्रयोग मानकों और प्रमाणन प्रक्रियाओं के पुनरीक्षण के लिए किया गया।

वर्ष के दौरान लाइसेंसधारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में 18 पुनरीक्षा बैठकें आयोजित की गई। इसमें से कुछ क्षेत्र हैं :

* सिलाई की मशीनें
* डीजल इंजन
* रबड़

Review of Operation

Review meetings and workshops with the BIS licensees and the concerned consumer interests in specified fields were organized to obtain feedback on the operation of the BIS Certification Marks Scheme, technical difficulties encountered in the implementation of standards, users preferences for quality parameters of a product, etc. The feedback data received comes handy for reviewing the standards and certification procedures.

During the year, 18 review meetings with licensees were organized in different product areas. Some of these include :

* Sewing machines
* Diesel engines
* Rubber

सारणी 31 अप्रैल 1994 से 31 मार्च 1995 के दौरान किए निरीक्षणों की तालिका

TABLE 4.2 INSPECTIONS CARRIED OUT FROM 1 APRIL 1994 TO 31 MARCH 1995

क्रम सं. SL.	क्षेत्र REGION	शाखा कार्यालय BRANCH OFFICE	निरीक्षण INSPECTION			योग TOTAL NO.
			प्रारंभिक PRELIMINARY	आवधिक PERIODIC	अन्य OTHERS	
1.	मध्य CENTRAL	क) दिल्ली a) Delhi	296	993	1 030	2 319
		ख) भोपाल b) Bhopal	130	1 052	155	1 337
		ग) गाजियाबाद c) Ghaziabad	110	646	1 063	1 819
		घ) जयपुर d) Jaipur	149	302	2 438	2 889
		योग TOTAL	**685**	**2 993**	**4 686**	**8 364**
2.	पूर्वी EASTERN	क) कलकत्ता (गुवाहाटी सहित) a) Calcutta (including Guwahati)	243	1 501	694	2 438
		ख) भुवनेश्वर b) Bhubaneshwar	36	695	729	1 460
		ग) पटना c) Patna	26	609	110	745
		योग TOTAL	**305**	**2 805**	**1 533**	**4 643**
3.	उत्तरी NORTHERN	क) चंडीगढ़ a) Chandigarh	184	1 455	1 024	2 663
		ख) फरीदाबाद b) Faridabad	70	361	8 327	8 758
		ग) कानपुर c) Kanpur	32	299	131	462
		घ) लखनऊ d) Lucknow	96	557	33	686
		योग TOTAL	**382**	**2 672**	**9 515**	**12 569**
4.	दक्षिणी SOUTHERN	क) मद्रास a) Madras	114	1 107	1 198	2 419
		ख) बंगलौर b) Bangalore	54	489	1 890	2 433
		ग) कोयम्बत्तूर c) Coimbatore	73	494	93	660
		घ) हैदराबाद d) Hyderabad	103	731	659	1 493
		ड़) तिरूवनंतपुरम e) Thiruvananthapuram	41	310	158	509
		योग TOTAL	**385**	**3 131**	**3 998**	**7 514**
5.	पश्चिमी WESTERN	क) बम्बई a) Bombay	502	1 692	2 921	5 115
		ख) अहमदाबाद b) Ahmedabad	248	955	2 369	3 572
		योग TOTAL	**750**	**2 647**	**5 290**	**8 687**
		कुल योग GRAND TOTAL	**2 507**	**14 248**	**25 022**	**41 777**

प्रवर्तन सम्बन्धी स्थायी समिति की पहली बैठक
The first meeting of Standing Committee on enforcement in progress

परीक्षणाधीन बिजली की इस्तरी
Electric Irons under testing

फरीदाबाद में आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित ISI मुहर लगे उत्पाद
ISI Marked products on display at an exhibition organized at Faridabad

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, नई दिल्ली में भामा ब्यूरो के स्टॉल का दृश्य
A view of BIS stall at the India International Trade Fair, New Delhi.

* वनस्पति के लिए 15 किग्रा चौकोर टीन
* यू पी वी सी पाइप
* अपकेन्द्रीय गहराई से पानी निकालने वाले हैंड पम्प
* सीमेंट
* हौजरी के उत्पाद

प्रवर्तन

"ब्यूरो" ने अपने 24 मार्च 1994 को हुई मीटिंग में प्रवर्तन पर एक स्थायी समिति गठित की, जिसे सरकार द्वारा जारी गुणता नियंत्रण आदेशों के उल्लघंन और भामा ब्यूरो अधिनियम 1986 के उल्लघंन करने वालों के साथ अपनायी जाने वाली नीति पर सुझाव देना था। वर्ष के दौरान इस समिति की 2 बैठकें 4 मई और 6 दिसम्बर 1994 को आयोजित की गई। इस बैठक में समिति ने प्रवर्तन संबंधी गतिविधियों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और आगे के लिए निम्नलिखित कार्यवाही करने का निर्णय लिया :

- वर्तमान सांविधिक प्रावधानों को अधिक प्रभावी और बलशाली बनाने के संबंध में समीक्षा करना।
- उपभोक्ता संगठनों को उपयुक्त कानून के माध्यम से प्रवर्तन संबंधी गतिविधियां चलाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- भामा ब्यूरो, राज्य सरकारों और उपभोक्ता संगठनों में भामा ब्यूरो अधिनियम विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों के प्रावधानों के बारे में जनसाधारण को शिक्षित करने का कार्य हाथ में लेना।

ब्यूरो में की गई तैयारियां

बेईमान व्यक्तियों द्वारा किये जा रहे आईएसआई मुहर के दुरूपयोग को रोकने तथा ऐसे व्यक्तियों पर भामा ब्यूरो 1986 के अन्तर्गत अभियान चलाने के लिए ब्यूरो में निम्नलिखित उपाय किये गये :–

क) अधिकारियों को मार्गदर्शन देने के लिए और पूरे भारतवर्ष में एकसमान दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रवर्तन मैनुअल तैयार किया गया।

ख) भामा ब्यूरो नियमों में संशोधन किये गये, ताकि भामा ब्यूरो अधिनियम के अन्तर्गत अपराधियों के विरूद्ध साक्ष्यों को इकट्ठा करने के लिए निरीक्षण अधिकारियों को मिली जाँच – पड़ताल और जब्त करने की शक्ति उपयोग में लाना सुविधाजनक हो जाये।

ग) प्रत्येक शाखा से एक व्यक्ति को प्रवर्तन नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया, ताकि पृथक्–पृथक शाखाओं के प्रतर्तन संबंधी कार्यों में सामान्य स्थापित किया जा सके।

घ) भामा ब्यूरो अधिनियम से सम्बद्ध प्रवर्तन संबंधी प्रावधानों और जाँचकर्ताओं द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रियाओं से भामा ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखा कार्यालयों के अधिकारियों को परिचित कराने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गयी।

केन्द्रीय/राज्य सरकारों के साथ परस्पर सम्पर्क

भामा ब्यूरो ने मानकीकरण और गुणता पद्धति के लिए राज्य स्तरीय समितियों की व्यवस्था के माध्यम से विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार के प्राधिकरणों से घनिष्ठ संबंध बनाये रखे। राज्य सरकारों के अधिकारियों के लिए भामा ब्यूरो द्वारा 5 कार्यशालाएं आयोजित की गई, ताकि उन्हें भामा ब्यूरो अधिनियम की जानकारी दी जा सके और लागू विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों की मुख्य विशेषताओं के बारे में भी बताया जा सके। कई राज्य सरकारों द्वारा अपने

* 15 kg square tins for vanaspati
* UPVC pipes
* Centrifugal and deep well hand pumps
* Cement
* Hosiery products

ENFORCEMENT

The Bureau, in its meeting held on 24 March 1994, had set up a Standing Committee on Enforcement with the responsibility to suggest the strategy for dealing with violation of quality control orders issued by the Government as also for dealing with violation of *BIS Act*, 1986. During the year two meetings of the Committee were held on 4 May and 6 December 1994. During these meetings, the Committee took stock of the current status of enforcement activities and decided for further action on the following:

- To review the existing statutory provisions for making them more effective and forcefull.
- To encourage consumer organizations for taking up enforcement activities through appropriate laws.
- BIS, State Governments and Consumer Organizations to take up public education on the provisions of *BIS Act* and various quality control orders.

In-House Preparation

With a view to check the misuse of ISI Mark by unscruplous persons and for launching prosecution against such persons under *BIS Act* 1986, following steps were taken in-house :

a) An Enforcement Manual was prepared for guidance of the officers and to have uniform approach all over India,

b) BIS Rules were got amended to facilitate exercise of power of Search and Seizure available to the Inspecting Officers under *BIS Act* for collection of evidence against offenders,

c) An officer from each branch was nominated as Enforcement Nodal Officer to coordinate the enforcement function in the respective branches, and

d) Workshops were organized to familiarize the officers in ROs/BOs with the enforcement related provisions of *BIS Act* and on the procedures to be followed for investigations.

Interaction with Central/State Governments

BIS closely interacted with State Government authorities for implementation of various quality control orders through the mechanism of State Level Committees for Standardization and Quality Systems. Five workshops for State Government officials were also organized by BIS for acquainting them with the provisions of *BIS Act*, as well as about the features of various quality control orders in force. Several State Governments appointed Nodal Officers to review and monitor

राज्यों में गुणता नियंत्रण आदेशों के कार्यान्वयन की समीक्षा करने और उसकी मॉनीटरी के लिए नोडल अधिकारी को नियुक्त किया।

मृदु इस्पात की नलियों, सीमेंट तथा अन्य उपभोक्ता मदों के लिए बने वर्तमान गुणता नियंत्रण आदेशों में इस समय विशेष रूप से यह सूचना नहीं दी गई है कि इन आदेशों के प्रवर्तन को लागू करने के लिए राज्य सरकारों का कौन सा उपयुक्त प्राधिकरण अथवा विभाग इन्हें लागू करने की शक्तियां रखता है। भामा ब्यूरो केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के साथ में नियंत्रण आदेशों के इन प्रावधानों में ही उपयुक्त संशोधन कराने का प्रयास कर रहा है, ताकि राज्य सरकार द्वारा इन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

वर्ष के दौरान विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों और भामा ब्यूरो अधिनियम के प्रावधानों का प्रचार उचित प्राथमिकता के आधार पर किया गया। मुद्रण के प्रचार के माध्यम से कई विज्ञापन देने के अलावा लगभग 30 सैकेन्ड के अंतराल की 3 क्षणिकाएं (विडियो फिल्म) बनायी गयी। ये क्षणिकाएं दूरदर्शन पर ही समाचारों के दौरान विज्ञापन के लिए दिये जाने वाले प्राइम टाइम में दिखायी जा रही हैं। आईएसआई मुहर के दुरूपयोग पर प्रकाश डालते हुए एक 12 मिनट की शिक्षाप्रद फिल्म भी बनाई गई।

जागरूकता

भामा ब्यूरो अधिनियम के प्रावधान और गुणता नियंत्रण आदेशों के बारे में उपभोक्ता और व्यापारियों में जागरूकता पैदा करने के लिए देश भर के महत्वपूर्ण बाजारों में 50 अभियान चलाये गये। भामा ब्यूरो के पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों में भामा ब्यूरो के अधिकारियों को भामा ब्यूरो अधिनियम और गुणता नियंत्रण आदेशों की जानकारी देने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गयी।

छापे

वर्ष के दौरान आम उपभोक्ता को घटिया और असुरक्षित सामग्री को खरीदने से हुए धोखे से बचाने के लिए भामा ब्यूरो मुहर के दुरूपयोग पर नियंत्रण रखने के लिए प्रवर्तन संबंधी कार्य किया गया है। भामा ब्यूरो नियमों में जारी किये गये संशोधनों के कारण जाँच–पड़ताल और जब्त करने संबंधी प्रचालनों से यह कार्य सुविधाजनक हो गया और इसके परिणामस्वरूप इस गतिविधि में वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान कुल 21 छापे मारे गये। इसके अतिरिक्त विभिन्न अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भामा ब्यूरो अधिकारियों के सक्रिय सहभागिता सहित कुल 11 छापे भी डाले गये। इसमें शामिल उत्पाद बिजली के स्विच, प्लग, जी.एल.एस लेम्प, बिजली की इस्तरी, बिजली के डुबाऊ वाटर हीटर, गीजर, मोनोब्लाक पम्प, इलेक्ट्रिक मोटर, इलेक्ट्रिक रेडियेटर, हीट कन्वेक्टर, सीमेंट, सी.आई. पाइप और फिटिंग, स्लूइसवाल्व, फौल वाली टट्टियां, रबर की मैटरेस, लेटैक्स फोम के उत्पाद, एल.पी.जी. की नलियां, कीट नाशी रंग रोगन, च्यूंगम हैं।

अभियोजन

इस अवधि के दौरान ब्यूरो ने आईएसआई मुहर के दुरूपयोग की दोषी पायी गई 9 पार्टियों के विरूद्ध मुकदमे संबंधी कार्यवाही आरंभ की । 3 मामलों में न्यायलय ने आरोपियों को दोषी पाया। अधिनियम में अर्थ दण्ड बढ़ाने और अधिनियम के अंतर्गत अपराध को संज्ञेय अपराध बनाने के भामा ब्यूरो के प्रस्तावों पर सरकार द्वारा विचार–विमर्श किया जा रहा है।

the implementation of quality control orders in their respective states.

The quality control orders for mild steel tubes, cement and other consumer items in present form do not specifically indicate the appropriate authority or the department of the State Government which is empowered to carry out the enforcement of these orders. BIS is persuing with the respective ministries of the Union Government to amend the orders suitably to incorporate these provisions in the control orders for their effective enforcement by the State Governments.

During the year publicity of the provisions of various quality control orders and *BIS Act* was accorded higher priority. In addition to number of advertisements in the print media, three quickies (video films) of about 30 seconds duration were got made, which are being shown on Doordarshan in prime time in the break during Hindi Samachar. A 12 minute educative film highlighting the use and misuse of ISI Mark was also prepared.

Awareness

Over 50 drives were carried out in important market places all over the country to create awareness among consumers and traders about the provisions of *BIS Act* as well as various quality control orders. Workshops were held in all the five regional offices of BIS for acquainting BIS officers with the provisions of *BIS Act* and various quality control orders.

Raids

The enforcement work for checking the misuse of ISI Mark in order to protect the common consumer from being cheated through sub-standard and unsafe goods was continued during the year. The amendment issued to the BIS Rules facilitated search and seizure operations resulting in increased activity. A total of 21 raids were organized during the year. In addition, 11 raids were carried out by various State Government agencies under various Acts with the active participation of BIS officials. These covered products, such as electrical switches, plugs, GLS lamps, electric irons, immersion water heaters, geysers, monoblock pumps, electric motors, electric radiators, heat convectors, cement, CI pipes and fittings, sluice valves, flushing cisterns, rubberized coir mattresses, latex foam products, LPG tubings, pesticides, paints and chewing gum.

Prosecution

During the period, the Bureau launched prosecution proceedings against nine parties those were found misusing ISI Mark. In three cases, the courts convicted the accused parties. The proposals of the Bureau for amendments to the Act with a view to enhancing the penalties and making the offences under the Act cognizable are under consideration of the Government.

गुणता पद्धति प्रमाणन 5 QUALITY SYSTEMS CERTIFICATION

भामा ब्यूरो की गुणता पद्धति प्रमाणन योजना (क्यू एस सी एस) सितम्बर 1991 से चलाई जा रही है। इसके लिए नियम, विनियम तथा प्रक्रियाएँ और प्रलेखन रीतियाँ तथा योजना आई एस ओ, आई ई सी गाइड 40–जनरल रिक्वायरमेंट्स फॉर एक्सेप्टेन्स ऑफ सर्टिफिकेशन बोडीज और यूरोपीयन स्टैन्डर्ड ई एन 45012 "जनरल क्राइटेरिया फॉर सर्टिफिकेशन बोडीज ऑपरेटिंग क्वालिटी सिस्ट्म्स सर्टिफिकेशन" के अनुरूप है। भामा ब्यूरो की गुणता पद्धति योजना आई एस ओ 9000 मानकों की श्रृंखला के अनुसार चलाई जाती है। आई एस 14000/आई एस ओ 9000 मानकों की श्रृंखला को आई एस आई एस ओ 9000 श्रृंखला के रूप में नई संख्या दी गई है। भामा ब्यूरो की गुणता पद्धति योजना का प्रचालन प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में हो रहा है। इस योजना में कई गुणा वृद्धि हुई है और वर्ष के दौरान प्राप्त उपलब्धियों में प्रमुख इस प्रकार हैं :–

BIS Quality Systems Certification Scheme (QSCS) has been operating since September 1991. The rules, regulations and procedures, and documentation practices and scheme are in line with ISO/IEC Guide 40 — General requirements for acceptance of certification bodies and European Standard EN 45012 — General criteria for certification bodies operating Quality Systems Certification. To explicitly indicate that the BIS QSC Scheme is operated as per ISO 9000 series of standards, IS 14000/ ISO 9000 series of standards has been renumbered as IS/ ISO 9000 series. The Quality Systems Certification Scheme is being operated by BIS in a competitive environment. There has been a multifold growth of the Scheme and the salient features of the achievements during the year are listed as under :

प्रमाणन

इस अवधि के दौरान कुल 88 गुणता पद्धति प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए, इनमें से 13 लाइसेंस आई एस/आई एस ओ 9001 तथा 75 लाइसेंस आई एस/आई एस ओ 9002 के अनुसार दिए गए हैं। प्रदत्त लाइसेंसों में वस्त्रादि, सीमेंट, औषध, आयुध, नृत्तिका की टाइलें, कांच के धारक, केबल, ढलाईखानों, हवाई जहाज, वायुयान के रखरखाव, चाय, फ्रोजन खाद्य पदार्थों, मसालों, रिफेक्टरी इत्यादि से संबद्ध औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं। 31 मार्च, 1994 तक भा मा ब्यूरो की गुणता पद्धति प्रमाणन योजना के प्रचालन के 2 वर्ष में केवल 44 लाइसेंस ही दिए गए थे, जबकि अकेले इस वित्तीय वर्ष (देखें आकृति 5.1) में दिए गए लाइसेंसों की संख्या दुगुनी (88) हो गई।

Certification

During the period a total of 88 Quality Systems Certification Licenses have been granted out of which 13 as per IS/ISO 9001 and 75 licenses as per IS/ISO 9002. The licenses granted in this year include industrial sectors of textiles, cement, pharmaceutical, ammunition, ceramic tiles, glass containers, cables, foundries, avionics, aircraft maintenance, tea, frozen foods, spices, refractories , etc. Till 31 March 1994, only 44 licences were granted in over two years operation of BIS QSCS. As compared to these, double the number of licences (88) have been granted in the current financial year alone (see Fig. 5.1).

अन्तर्राष्ट्रीय प्रत्यायन से समर्पित भामा ब्यूरो की सेवाओं के ऊँचे स्तर की गुणता के कारण कई औद्योगिक क्षेत्रों ने भामा ब्यूरो की गुणता पद्धति प्रमाणन योजना में गहरी रूचि प्रदर्शित की। बैंक आदि, वित्तीय सेवाओं, परीक्षण प्रयोगशालाओं, वायुयान के लिए ईंधन वितरण, जैसे सेवा क्षेत्रों द्वारा प्रदर्शित रूचि भी उल्लेखनीय घटना है। भारत में परीक्षण प्रयोगशाला को गुणता पद्धति प्रमाणन लाईसेंस जारी करने में भामा ब्यूरो प्रथम रहा। एक वित्तीय संस्थान को भी लाइसेंस प्रदान किया गया। भामा ब्यूरो ने वस्त्रादि के क्षेत्र में 36 लाइसेंस प्रदान किये हैं। इस प्रकार के वस्त्रादि प्रमाणन के क्षेत्र में ब्यूरो अग्रणी रहा है।

आकृति 5.1 गुणता पद्धति प्रमाणन के अन्तर्गत दिये गये लाइसेंस

Fig. 5.1 Number of Licences Granted Under Quality System Certification



The high quality of BIS service backed by international recognition has led to a number of industrialsectors showing keen interest In BIS QSCS. A noteworthy feature is the interest shown by the service sectors like banking, financial services, testing laboratories and aviation fuel distribution. BIS was the first in India to grant a QS Certification licence to a testing laboratory. The licences has also been granted to a financial institution. BIS has granted over 36 licenses in the textile sector and is one of the leaders in the certification of this field.

प्रशिक्षण

भा मा ब्यूरो के पास अर्हता प्राप्त लीड आडिटर/आडिटर काफी बड़ी संख्या में हैं। 99 आडिटरों के अलावा 1994-95 में भामा ब्यूरो के 36 अधिकारियों ने

Training

BIS has a large force of qualified lead auditors/auditors. In addition to 99 auditors, a total of 36 BIS officers have qualified as

लीड असेसर के रूप में अर्हता प्राप्त की। इतनी बड़ी संख्या में सक्षम अधिकारी उपलब्ध होने के कारण यह आशा की जाती है कि भामा ब्यूरो अपने ग्राहकों को समय पर दक्ष और व्यावसायिक सेवाएँ देने में सफल होगा। भामा ब्यूरो के गुणता पद्धति आडिटरों की जानकारी अद्यतन करने के लिए आई एस ओ 9000 के मानकों के क्षेत्र में तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

परस्पर मान्यता देने की योजना

वर्ष के दौरान डोइष गेसेलशोलट व्सूर क्वालीतातमानाजमैंटसिस्टेमेन एमबीएच जो जर्मनी की प्रमुख प्रमाणनकर्ता एजेंसी है, के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए तथा अन्य प्रमाणन निकायों के साथ समझौता ज्ञापन करने के भी प्रयास अंतिम दौर में हैं।

भामा ब्यूरो की गुणता पद्धति प्रमाणन योजना का प्रत्यायन

भामा ब्यूरो को राड वूर डी सर्टिफिकेटी, नीदरलैंड से दस संभावना वाले क्षेत्र, जिनके लिए प्रत्यापन कराया गया था, के लिए प्रत्यायन प्राप्त होने से अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हो गई है।

इन प्रौद्योगिकीय क्षेत्रों की सूची इस प्रकार है :–

1. वस्त्रादि तथा वस्त्रादि उत्पाद
2. रसायन, रासायनिक उत्पाद तथा फाइवर
3. रबड़ तथा प्लास्टिक के उत्पाद
4. अधात्विक खनिज उत्पाद
5. कंकरीट, सीमेंट, चूना, प्लास्टर, इत्यादि
6. मौलिक धातुएँ तथा फब्रिकेटिड धातुएँ
7. मशीनरी तथा उपस्कर
8. बिजली के तथा प्रकाशिक उपस्कर
9. अन्य परिवहन संबंधी उपस्कर
10. थोक तथा खुदरा व्यापार

इसके कारण भा मा ब्यूरो की गुणता पद्धति प्रमाणन योजना की छवि में वृद्धि हुई।

पूर्व प्रमाणन सेवाएँ

वर्ष के दौरान 52 गुणता पद्धति परिचय कार्यक्रम आयोजित किये गए जिनमें विभिन्न उद्योगों, सेवा संगठनों, औद्योगिक संस्थाओं तथा निर्यात गृहों के 1000 से अधिक कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया।

45 गुणता पद्धति सर्वेक्षण तथा प्रायोगिक मूल्यांकन भी आयोजित किये गए। इन पूर्व प्रमाणन सेवाओं का लक्ष्य उद्योग और व्यापर की गुणता पद्धति के क्षेत्र में मानकों की उपलब्धता से परिचित कराना तथा गुणता की अवधारणा समझाना और उनकी कार्यप्रणाली में गुणता संस्कृति का प्रचार करना है। आई एस/आई एस ओ 9000 परिवार के मानकों के पुनरीक्षित संस्करण से उद्योग को परिचित कराने के लिए भा मा ब्यूरो ने मानक इंजीनियर्स संस्थान के साथ संयुक्त रूप से तीन कार्यक्रम आयोजित किए।

lead assessors in 1994-95. With such a large competent force, it is expected that BIS would be able to provide timely, efficient and professional service to its clients. To update the knowledge of BIS QS auditors, three training programmes were organized in the area of revision of ISO 9000 family of standards.

Mutual Recognition of Scheme

During the year MoU has been signed with Deutche Gesellscholt Zur Zertifizierung Von Qualitatsmanagement systemen mbH, a prime certifying agency in Germany. MoUs with other certifying bodies are also in the offing.

Accreditation of BIS QSCS

BIS QSCS received international recognition on being accredited by Raad voor de Certificatie, Netherlands for ten scope sectors for which the accreditation was sought. The list of technology areas is given as under :

1. Textiles and textile products
2. Chemicals, chemical products and fibres
3. Rubber and plastic products
4. Non-metallic mineral products
5. Concrete, cement, lime, plaster, etc.
6. Basic Metals and fabricated metals
7. Machinery and equipment
8. Electrical and optical equipment
9. Other transport equipment
10. Wholesale and retail trade

This has enhanced the image of BIS QSCS.

Pre-Certification Services

During the year over 52 Quality Systems Appreciation Programmes were conducted in which over 1000 personnel from various industries, service organizations, industrial associations and export houses were trained.

Over 45 Quality Systems Surveys and Trial Assessments were also conducted during the year. These Pre-Certification Services are aimed at acquainting the industry and trade about the availability of standards in the field of Quality System and to make them understand the concept of quality and propagate the quality culture in their systems. Three programmes were jointly organized with the Institute of Standards Engineers to acquaint the industry with the revised version of IS/ISO 9000 family of standards.

प्रयोगशाला सेवाएं

भामा ब्यूरो ने देश में फैली अपनी आठ प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से सम्बद्ध भारतीय मानकों के प्रति प्रमाणित उत्पादों की अनुरूपता की जाँच के लिए परीक्षण गतिविधियां तथा परीक्षण सेवाएं जारी रखी।

नमूना परीक्षण

वर्ष के दौरान, विभिन्न प्रकार के व्यापक उत्पादों के लिए 28 272 परीक्षण रिपोर्ट भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला द्वारा जारी की गई। परीक्षण रिपोर्टों का क्षेत्रवार विभाजन निम्न प्रकार है :

भामा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या

केन्द्रीय प्रयोगशाला (साहिबाबाद, दिल्ली के पास)	:	9 177
पूर्वी क्षेत्र (कलकत्ता, गुवाहाटी और पटना)	:	4 641
उत्तरी क्षेत्र (चंडीगढ़)	:	4 867
दक्षिणी क्षेत्र (बंगलोर और मद्रास)	:	5 281
पश्चिमी क्षेत्र (बम्बई)	:	4 306
योग		28 272

प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण

उन्नयन परीक्षण उपस्करों में वृद्धि

वर्ष 1994-95 प्रयोगशाला उपस्करों की उपलब्धि दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। वर्ष के दौरान 144.2 लाख रूपये के प्रयोगशाला से उपस्कर खरीदे गए।

भारत यूरोपीय आर्थिक समुदाय (ईयू) सहयोग

I स्वचालित क्षेत्र

टर्न – की आधार पर क्षेत्र उपस्करों की पूर्ति के लिए ठेका दिया गया :

अपेक्षित सुरक्षा हेल्मेटों, सुरक्षा शीशों का, ईसी विनियमों और सम्बद्ध भारतीय मानक के अनुरूप परीक्षण। उपरोक्त परियोजनाओं की पहचान भारत–ईसीसी/(इयू), तकनीकी और औद्योगिक सहयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत की गई और विश्व बैंक निधि–आवंटन के अन्तर्गत इन्हें शामिल किया गया इन पर 100 लाख रूपये से अधिक की लागत का अनुमान है।

यूटीएसी, पेरिस में 2 कार्मिकों को सुरक्षा हेल्मेटों और सुरक्षा शीशों के परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया।

II खाद्य क्षेत्र

साहिबाबाद में केन्द्रीय प्रयोगशाला और कलकत्ता में पूर्वी क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं की आधुनिकीकरण के लिए पहचान की गई। वर्ष के दौरान, आधुनिकीकरण

6 LABORATORY SERVICES

The network of eight BIS Laboratories spread throughout the country, continued to provide testing services and testing related activities to test conformity of BIS certified products against relevant Indian Standards.

SAMPLE TESTING

During the year, 28 272 test reports were issued by BIS Laboratories, covering vide range of products. The regionwise output of test reports is given below :

BIS LaboratoriesNo. of Test Reports Issued

Central Laboratory (Sahibabad near Delhi)	:	9 177
Eastern Region (Calcutta, Guwahati and Patna)	:	4 641
Northern Region (Chandigarh)	:	4 867
Southern Region (Bangalore and Madras)	:	5 281
Western Region (Bombay)	:	4 306
Total		28 272

MODERNIZATION/UPGRADATION OF LABORATORIES

Addition of Test Equipment

The year 1994-95 has been very eventful as far as the procurement of laboratory equipment was concerned. During the year, laboratory equipments worth 14.42 millions were procured.

INDO-EEC(EU) CooperationI

I Auto Sector

Contracts were awarded for supply of the required equipment on turnkey basis :

Testing of safety helmets, safety glass as per the EC Rogulations as well as related Indian Standards. The above projects were identified under Indo-EEC Technical and Industrial Cooperation Programme and covered under the World Bank Fund allocation. The total cost is expected to exceed over Rs 10 million.

Two personnel were trained at UTAC, Paris in the testing of safety helmets and safety glass.

II Food Sector

The Central Laboratory at Sahibabad and Eastern Region Laboratory at Calcutta have been identified for modernisation.

कार्यक्रम के अन्तर्गत 140 लाख रूपये की राशि के क्रय आदेश दिए गए। इनमें से मुख्य उपस्कर परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, उच्च कार्यकारिता वाले तरल क्रोमीटोग्राफ, गैस क्रोमेटोग्राफ और इन्डक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा स्पक्ट्रोमीटर शामिल है।

प्रयोगशाला में खाद्य संबंधी मदों और गुणता पद्धति के लिए परीक्षण हेतु 12 कार्मिकों को केम्पडन फूड एंड ड्रिंक रिसर्च एसोशिएशन, यू.के. में प्रशिक्षित किया गया।

III विद्युत क्षेत्र

विद्युत प्रयोगशाला के आधुनिकीकरण के अंतर्गत घरेलू बिजली के उपकरणों के क्षेत्र में 6 लाख रूपये की राशि के क्रय आदेश दिए गए और उपस्करों की सुपुर्दगी और संस्थापन का कार्य किया जा रहा है।

आधुनिकीकरण कार्यक्रम के एक – भाग के रूप में, पर्यावरण स्थितियों, विशेषकर तापमान और आर्द्रता के संदर्भ में, सुधार पर कार्य हो रहा है।

केबल और तार सहायकों के परीक्षण में 9 कार्मिकों को डेमको, डेनमार्क में प्रशिक्षित किया गया और विद्युत उपकरणों के परीक्षण में 3 कार्मिकों को सीईबीईसी, बेल्जियम में प्रशिक्षित किया गया।

गुणता आश्वासन

केन्द्रीय प्रयोगशाला और क्षेत्रीय प्रयोगशाला में परीक्षण सेवाओं की गुणता के मूल्यांकन के लिए कारपोरेट ऑडिट किया गया और इसमें सुधार के लिए उपाय किए गए।

इसके अतिरिक्त केन्द्रीय प्रयोगशाला में गुणता पद्धति (अशंशोधन और अनुरेखणीयता) के कुछ तत्वों पर आन्तरिक सम्परीक्षा (आडिट) भी किया गया।

परीक्षण की गुणता को मॉनीटर करने और गुणता पद्यति में सुधार लाने के लिए गुणता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 353 नमूनों का परीक्षण किया गया।

बाहर की प्रयोगशालाओं को मान्यता देने की योजना

भामा ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन योजना के प्रचालन के लिए नमूनों के परीक्षण के उद्देश्य से बाहर की प्रयोगशालाओं को मान्यता देने की योजना बनाई गई है। वर्ष 1994-95 के दौरान, सम्बद्ध भारतीय मानक विशिष्टि के अनुरूप विभिन्न उत्पादों के परीक्षण के लिए भा मा ब्यूरो द्वारा प्रयोगशाला को मान्यता देने की योजना के अन्तर्गत छः नई प्रयोगशालाओं को मान्यता दी गई, इस प्रकार मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की कुल संख्या 295 हो गई। भामा ब्यूरो प्रयोगशाला प्रत्यायन योजना को आईएसओ/आईईसी मार्गदर्शिका 25 सहित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रचालित राष्ट्रीय परीक्षण एवं असंशोधन प्रत्यायन परिषद (एनएबीएल), के साथ एक रूप करने के लिए इसका पुनरीक्षण भी किया गया है।

मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की कार्यकारिता और क्षमता की मानीटरी के लिए इस वर्ष 25 प्रयोगशालाओं को ऑडिट किया गया और उक्त ऑडिट के निष्कर्ष के आधार पर आवश्यक कार्यवाई भी की गई है। गुणता पद्धति के घटकों को शामिल करने के लिए आवेदनकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन प्रपत्र तथा मूल्यांकन दल द्वारा दी जाने वाली आवधिक दौरे की रिपोर्ट में परिवर्तन किया गया।

तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षण

भारतीय मानक ब्यूरो ने नए क्षेत्रों के साथ–साथ वर्तमान क्षेत्रों में कौशल

During the year, order worth Rs 14 million were placed under modernization programme. The major equipment include atomic absorption spectrophotometer, high performance liquid chromatograph, gas chromatograph and inductively coupled plasma spectrometer.

Twelve personnel were trained at CAMPDEN Food & Drink Research Association, UK in the testing of food items and quality systems in laboratory.

III Electrical Sector

Under the modernization of Electrical Laboratory in the field of domestic electrical appliances, orders worth Rs 0.6 million were placed, and delivery and installation of the equipment is in progress.

As a part of modernization programme, necessary improvement in environmental conditions particularly in respect of temperature and humidity is in progress.

Nine personnel were trained at DEMCO, Denmark in the testing of cables and wiring accessories and three personnel were trained at CEBEC, Belgium in the testing of electrical appliances.

QUALITY ASSURANCE

Corporate Audit was carried out in Central Laboratory and the Regional Laboratories to assess the quality of testing services and steps were taken to improve the same.

In addition, internal audit was also organized in Central Laboratory on few elements of Quality System (calibration and traceability).

In order to monitor the quality of testing and also to improve the quality system, around 353 samples were tested in quality assurance programme during the year in Central Laboratory.

RECOGNITION SCHEME FOR OUTSIDE LABORATORIES

This scheme is meant for recognition of outside laboratories for the purpose of testing of samples for the operation of BIS Product Certification Scheme. During 1994-95, six new laboratories have been recognized under the BIS Laboratory Recognition Scheme for testing different products as per relevant ISS bringing the total number of recognized laboratories to 295. BIS Laboratory Recognition Scheme has been revised to align the criteria with ISO/IEC Guide 25 as well as National Accreditation Board for Testing and Calibration (NABL), operated by Department of Science & Technology, Govt. of India.

In order to monitor the performance and competence of the recognized laboratories, 25 laboratories have been audited this year and depending on the observations, necessary actions have been taken. The application proforma to be submitted by the applicant laboratory and the periodic visit report to be submitted by the assessment team have been modified to include the elements of quality systems.

TRAINING FOR TECHNICAL STAFF

The Bureau of Indian Standards continued to provide training

परीक्षणाधीन माचिस की तीलियाँ
Matchsticks under testing

बिजली के विकिरको का परीक्षण
Electric Radiator tooting



भामा ब्यूरो द्वारा बम्बई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम
Training Programme Organized by BIS at Bombay

सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक परीक्षण
Microbiological Testing

केबल परीक्षण
Cable Testing



परमाण्विक अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटो मीटर द्वारा परीक्षण
Testing by atomic absorption spectrophotometer

और दक्षता में सुधार के लिए सभी सवर्गों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना जारी रखा।

प्रशिक्षण का ब्यौरा इस प्रकार है :

to all categories of its employees for improving skill and competency in new areas as well as in the existing areas.

The details of training are given as under :

प्रशिक्षण का क्षेत्र **Field of Traning**	प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या **Number of Personnel Trained**	प्रशिक्षण केन्द्र **Training Centre**
सूक्ष्म जीव–विज्ञान सैद्धान्तिक Microbiology - both theoretical and practical और व्यावहारिक दोनों पहलू (आन्तरिक और aspects. (involving both internal बाह्य दोनों संकाय सदस्य शामिल) and external faculty members)	10	केन्द्रीय प्रयोगशाला (साहिबाबाद) Central Laboratory (Sahibabad)
खाद्य मदों में अफलाटाकिस्न की अपेक्षाएं Aflatoxin requirements food items	01	एनडीडीबी, आनंद NDDB, Anand
डेयरी उत्पाद से सम्बन्धित परीक्षण Testing relateing to dairy products	08	एनडीआरआई, करनाल NDRI, Kamal
अंशशोधन के क्षेत्र में प्रशिक्षणTraining in the field of calibration	10	एनपीएल, दिल्ली NPL, Delhi

बाह्य संगठनों के लिए प्रशिक्षण TRAINING FOR EXTERNAL ORGANISATION

बाह्य संगठनों का नाम **Name of External Organisation**	प्रशिक्षका का क्षेत्र **Field of Training**	व्यक्तियों की संख्या **Number of Persons**
टेस्टिंग ओर्गेनाइजेशन फॉर रिसर्च इन केमिकल हेजर्ड्स (टीओआरसीएच) अहमदाबाद Testing Organisation for Research in Chemical and Health Hazards (TORCH) Ahmedabad	विद्युत सामग्रियों का परीक्षण Testing of electrical items	02
उत्पाद–शुल्क विभाग सिक्कम सरकार Excise Department, Government of Sikkim	द्रव का विश्लेषण Analysis of liquor	01
पूर्वी, दक्षिणी एवं मध्य क्षेत्र के लाइसंसधारी Licensees from Eastern, Southern and Central regions	पैराफीन मोम का परीक्षण Testing of paraffin wax	40
दक्षिणी क्षेत्र के लाइसेंसधारी एवं आवेदनकर्ता Licensees and applicants from Southern Region	घरेलू प्रेशर कुकर का परीक्षण Testing of domestic pressure cooker	10
पश्चिमी क्षेत्र के लाइसेंसधारी एवं आवेदनकर्ता Licensees and applicants from Western Region	तेल दाब स्टोव और दाब हीटर के लिए बर्नर पर प्रशिक्षण Training in Burner for oil pressure stoves and oil pressure heater	33
पश्चिमी क्षेत्र के लाइसेंसधारी Licensees and applicants एवं आवेदनकर्ता from Western Region	इस्पात और इस्पात उत्पादों के रासायनिक संघटकों का परीक्षण Testing of chemical composition of steel and Steel products	16

प्रयोगशाला सूचना प्रबन्ध पद्धति

नमूना कक्ष में परीक्षण के दौरान नमूनों की प्राप्ति और नमूनों के संचालन का कम्प्यूटरीकरण किया गया है। परीक्षणाधीन नमूनों की स्थिति को दिखाते हुए कम्प्यूटर विभाग ने नियमित रूप से विवरण तैयार किये और बाहरी प्रयोगशालाओं में परीक्षण के अंतर फीडनेक सूचना के रूप में सम्बन्धित शाखा कार्यालयों को भेजा।

LABORATORY INFORMATION MANAGEMENT SYSTEM

Receipt of the samples and movement of the samples during the testing have been computerised in Sample Cell. On a regular basis Computer Section generated statements indicating position of the samples undergoing testing, diversion to outside laboratories to concerned branch offices as a feed back information.

नई परीक्षण सुविधाओं का सृजन

वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं में निम्नलिखित अतिरिक्त परीक्षण सुविधाओं का सृजन किया गया :

संख्या	उत्पाद का नाम
IS 555:1979	बिजली के टेबल पंखे और रेग्युलेटर
IS 9656:1980	ट्रीडेमोरफ पायसनीय सांद्र
IS 10228:1982	स्कूल के बस्ते
IS 12236:1978	एडिंग मशीनों/केल्कुलेटरों में लगाने के लिए पेपर पृष्ठों पेज रोल
IS 12776:1989	भू – सम्पर्कन के लिए जस्तीकृत लड़
IS 12912:1990	ब्रोमाडियोलीन, आर बी
IS 12914:1990	ब्रोमाडियोलीन, तकनीकी
IS 12915:1990	एसीफेट, तकनीकी

अंशशोधन गतिविधियां

केन्द्रीय प्रयोगशाला और क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं, दोनों की अंशशोधन प्रयोगशालाओं ने परीक्षण प्रयोगशालाओं को आंतरिक सेवा प्रदान करना जारी रखा। यह निर्णय लिया गया कि भामा ब्यूरो केन्द्रीय प्रयोगशाला ने प्रेशर गेज, वेक्यूम गेज, माइक्रोमीटर, वेरिन्यर/डायल कैलीपर्स और अन्य मापन उपस्कर, जैसे डायल गेज के क्षेत्र में दिल्ली और दिल्ली के आस – पास के लाइसेंसधारियों और आवेदनकर्ताओं के लिए अंशशोधन सुविधाओं का विस्तार करेगी। यह भी योजना बनाई गई कि अगले वर्ष के आरंभ में लाइसेंस धारियों और आवेदनकर्ताओं के लिए कुछ बिजली संबंधी मानदण्डों के लिए अंशशोधन के लिये प्रयोगशालाओं को काम में आने वाले अंशशोधन के वैद्युत और यांत्रिक अंशशोधन सुविधाओं को सेकेन्डरी स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रयास पहले ही किए जा रहे है।

गुणता पद्धति की स्थापना

केन्द्रीय प्रयोगशाला और क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं ने आईएसओ/आईईसी गाइड 25/एनएबीएल सामान्य मापदण्ड 1994 में दिए मार्गदर्शी सिद्धांत के अनुसार क्वालिटी मेन्यूल को तैयार करने की दिशा में भी कार्य किया। गुणता पद्धति से सम्बन्धित प्रलेखों को तैयार करने के लिए पहले ही कार्य किया जा चुका है।

अन्य गतिविधियां

राष्ट्रीय प्रत्यापन परिषद् (परीक्षण एवं अंशशोधन के लिए राष्ट्रीय प्रत्यापन परिषद) को दी जाने वाली सेवा के रूप में भामा ब्यूरो के कुछ अधिकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चुने गए, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से प्रयोगशाला मूल्यांकनकर्ता के रूप में कार्य करेंगे।

केन्द्रीय प्रयोगशाला के अधिकारियों ने राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला, नई दिल्ली द्वारा आयोजित कॉमनवेल्थ इण्डिया मेट्रोलोजी ग्रुप प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वालों के लिए विश्लेषणात्मक माप–विज्ञान पर रेफरेंस मेटीरियल के उपयोग पर व्याख्यान दिए।

CREATION OF NEW TEST FACILITIES

Following additional test facilities were created during the year in BIS Laboratories :

IS NUMBER	*PRODUCT NAME*
IS 555 : 1979	Electric table type fans and regulators
IS 9656 : 1980	Tridemorph emulsifiable concentrates
IS 10228 : 1982	School bag
IS 12236 : 1987	Paper page rolls for adding machines/calculators
IS 12776 : 1989	Galvanized strand for earthing
IS 12912 : 1990	Bromadiolone, RB
IS 12914 : 1990	Bromadiolone, Technical
IS 12915 : 1990	Acephate, technical

CALIBRATION ACTIVITIES

Calibration laboratory of both Central Laboratory and Regional Laboratories continued to provide internal services to the testing laboratories. It was decided that BIS Central Laboratory will be extending calibration facilities to the licensees and the applicants in the field of pressure gauges, vacuum gauges, micrometer, vernier/dial calipers, and other measuring instruments like dial gauges. It is also planned to offer calibration facilities in a few electrical parameters to the licensees and applicants from the beginning of next year. Steps have been taken to upgrade both the electrical and mechanical calibration facilities to the secondary level so that all the working level calibrators can be calibrated in house.

SETTING UP OF QUALITY SYSTEM

Central Laboratory and Regional Laboratories have taken steps in preparing the Quality Manual as per the guidelines given in ISO/IEC Guide 25/NABL General Criteria 1994. Steps have already been taken for preparation of associated documents pertaining to Quality System.

OTHER ACTIVITIES

As a service to (National Accreditation Board for Testing and Calibration), some officers from BIS were selected by Department of Science & Technology to act as laboratory assessors on their behalf.

Officers from Central Laboratory delivered lectures on usage of reference materials in Analytical Metrology to participants of Commonwealth India Metrology Group Training Programme conducted by National Physical Laboratory, New Delhi.

मानक संवर्धन 7 STANDARDS PROMOTION

क्षेत्रीय समन्वय

ऐतिहासिक कारणों से भारत में कई संगठनों ने मानक विकसित किये और प्रमाणन अथवा निरीक्षण संबंधी योजनाएँ चलायी, ताकि सरकार द्वारा की जा रही खरीद को नियंत्रित किया जा सके अथवा उपभोक्ता संरक्षण, सुरक्षा, स्वास्थ्य अथवा पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रवर्तन संबंधी गतिविधियां चलायी जा सके। उपर्युक्त संगठनों द्वारा विकसित किये गये मानकों में कई बार अतिव्याप्ति दोष होता था और इन मानकों में विभिन्न मानदंडों के लिए अलग-अलग सीमाएं दी गयी होती थी और प्रकाशन पद्धतियां और नमूने लेने की पद्धति भी अनिर्दिष्ट होती थी। मानकों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता, उत्पादों के उपयोगकर्ताओं को भ्रमित करती है और वस्तुओं के उत्पादों के लिए समस्याएं पैदा करती है और अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भी भारतीय सामग्री की गुणता के बारे में अनुपयुक्त छवि दर्शाती है।



मानकीकरण और गुणता के लिए समन्वित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से और मानक निर्धारण गतिविधि को राष्ट्रीय प्राथमिकता के अनुरूप आकार देने के लिए नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने संसाधित खाद्य पदार्थ, पावर, इस्पात, मोटरगाड़ी वाहन, वस्त्रादि तथा संचना प्रौद्योगिकी इन 6 क्षेत्रों में राष्ट्रीय मानक के निर्धारण के लिए एकीकृत हेतु "एकल मानक" की समन्वित व्यवस्था की पहचान की, ताकि घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों ही स्तरों पर राष्ट्रीय मानकों में सामंजस्य और समरूपता सुनिश्चित की जा सके। इस दृष्टिकोण संबंधी प्रलेख कामेटी ऑफ सेक्रेटरीज (सचिवों की समिति) की नीति संबंधी निर्देशों के लिए भेजा गया। इस समिति ने प्रस्ताव पर विचार किया और इस प्रस्ताव को अनुमोदित किया और यह इच्छा व्यक्त की कि नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को इन क्षेत्रीय समितियों के कार्य का समन्वय करना चाहिए।

तदानुसार मंत्रालय ने भामा ब्यूरो के साथ विचार-विमर्श करके उपरोलिखित 6 क्षेत्रों के लिए क्षेत्रीय समन्वय समितियां (एससीसी) स्थापित की और स्वचालित वाहनों के क्षेत्र छोड़कर सम्बद्ध मंत्रालय के सचिव उपर्युक्त समितियों के अध्यक्ष बनाये गये। स्वचालित वाहन क्षेत्र के अध्यक्ष उप महानिदेशक (इंजीनियरी उद्योग मंत्रालय है) इन समितियों के सचिव भामा ब्यूरो के सम्बद्ध तकनीकी विभाग के प्रमुख हैं।

वर्ष 1994-95 के दौरान ससाधित खाद्य पदार्थ पर गठित क्षेत्रीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। अपनी बैठक में अन्य बातों के अलावा समिति ने यह भी सिफारिश की कि देश में राष्ट्रीय मानकों का केवल एक ही सेट होना चाहिए और भारतीय मानक ब्यूरो को खाद्य के क्षेत्र में सभी उत्पादों और प्रक्रियाओं पर राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने चाहिए। रागिति की अंतिम सिफारिश केबिनेट सचिवालय के पास इस मामले को ले जाने और उस पर अंतिम निर्णय लेने के लिए नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को भेज दी गई है।

मानकीकरण और गुणता पद्धति के लिए राज्यस्तरीय समितियां (एसएलसीएस)

मानकीकरण और गुणता पद्धति का संदेश देश में फैलाने के लिए २३ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मानकीकरण और गुणता पद्धति के लिए राज्यस्तरीय समितियां गठित की गयी हैं। वर्ष 1994-95 के दौरान दिल्ली, उत्तर प्रदेश,

SECTORAL COORDINATION

Due to historical reasons, several organizations in India developed standards and operated certification or inspection schemes for regulating Government purchases or for enforcement towards consumer protection, safety, health or protection of environment. The standards developed by these organizations, sometimes, overlap and provide varying limits for different parameters with undefined methods of test and sampling. Proliferation of standards confuse the users of products, create problems for producers of goods and also result in improper projection of Indian quality in international fora.

In order to ensure a coordinated mechanism for standardization and quality, and shaping the standards formulation activity in line with the national priorities, the Ministry of Civil Supplies had identified a co-ordination mechanism for unified 'Single Standards' approach for national standards in six sectors, namely, processed foods, power, steel, automotives, textile and information technology so as to ensure harmonized and homogenous national standards at the domestic as well as international level. This approach document was referred to the Committee of Secretaries for policy directives, who considered and endorsed the proposal and also desired that the Ministry of Civil Supplies should co-ordinate the work of these Sectoral Committees.

Accordingly, the Ministry in consultation with BIS has set up Sectoral Coordination Committees (SCCs) for the six sectors mentioned above under the chairmanship of the Secretary of the concerned ministries except for automotive sector which is chaired by DDG (Engg), Ministry of Industry and with the Departmental Head of the relevant technical department in BIS as Secretary.

During 1994-95, the meeting of Sectoral Coordination Committee on Processed Food was held. In this meeting, inter-alia it was recommended that there should be only one set of national standards in the country and Bureau of Indian Standards should formulate national standards for all the products and processes in the food area. Final recommendations have been sent to the Ministry of Civil Supplies, Consumer Affairs and Public Distribution for taking up the matter with cabinet secretariat for final decisions.

State Level Committees for Standardization and Quality Systems (SLCS)

To further propagate the message of standardization and quality systems in the country, the State Level Committees for Standardization and Quality Systems (SLC) have been set up in 23 states/union territories. During 1994-95,

मणीपुर, कर्नाटक और केरल में राज्यस्तरीय समितियों की बैठके हुई। इन बैठकों के दौरान भामा ब्यूरो की मुहर लगी सामग्री की राज्य सरकारों द्वारा खरीद, कार्मिकों को प्रशिक्षण, गुणता नियंत्रण आदेशों के प्रवर्तन, उपभोक्ता शिक्षा और राज्य सरकारों द्वारा उत्पाद प्रमाणन और गुणता पद्धति लाइसेंसधारी यूनिटों के लिए अधिक प्रोत्साहन देने पर बल दिया गया।

विश्व बैंक परियोजना

जागरूकता कार्यक्रम

